चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया/तृतीया, संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 273 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
31 मार्च 2025 सोमवार

आज का मौसम
37 अधिकतम
21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो


Page-7

लखनऊ में महिलाओं के लिए विशेष इंतजाम

## देशभर में मनी ईद, वाराणसी मस्जिद में कम पड़ गई जगह



नई दिल्ली, एजेंसी

देश में आज ईद-उल-फितर यानि मीठी ईद का त्योहार मनाया जा रहा है। मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज अदा करने का समय अलग है। लखनऊ की ऐशबाग ईदगाह में महिलाओं के नमाज अदा करने विशेष इंतजाम किए गए हैं। वाराणसी की जामा मस्जिद में एक साथ बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे तो सभी को मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए जगह नहीं मिली। इसके बाद कुछ लोगों ने सीढ़ियों पर ईद की नमाज अदा की। इधर भोपाल में ईदगाह मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए लोग वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टियां बांधकर पहुंचे। तमिलनाडु के त्रिची में लोग बड़ी संख्या में लोगों ने सड़कों पर नमाज अदा की। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ईद के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पटना के गांधी मैदान टोपी लगाकर पहुंचे। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने दिल्ली की संसद मार्ग स्थित मस्जिद में नमाज अदा की।

## भूकंप से ध्वस्त इमारत में घुसकर दस्तावेज चुरा रहे चीनी गिरफ्तार

**बैंकॉक।** हाल के भूकंप में गिरी 33 मंजिला इमारत में अवैध रूप से घुसने पर पुलिस ने चार चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि चारों युवक इमारत से संदिग्ध दस्तावेजों को चुराने की कोशिश कर रहे थे। चारों के पास से 32 संदिग्ध दस्तावेज भी मिले हैं। पुलिस ने चारों युवकों से पूछताछ शुरू कर दी है। 33 मंजिला इमारत थाईलैंड के राज्य लेखा परीक्षा कार्यालय की थी। इस इमारत को बना रही चीन समर्थित फर्म के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। बैंकॉक के गर्वनर ने इमारत वाले क्षेत्र को आपदा क्षेत्र घोषित कर दिया है। यहां पर बिना अनुमति के किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं है।पुलिस मेजर ने कहा कि भूकंप से गिरी इमारत के पिछले हिस्से से अवैध रूप 32 फाइलों को हटाने के आरोप में चार चीनी नागरिकों को हिरासत में लिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष को लेकर महीनों से असमंजस, जिला अध्यक्षों को मजबूत करेगी कांग्रेस

# भाजपा के पेंडिंग फैसले सिरे चढ़ाने की सुगबुगाहटें, कांग्रेस में नई कवायदें

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मप्र में भाजपा अध्यक्ष का मामला अब सिरे चढने के आसार बनने लगे हैं। अभी भाजपा मप्र समेत कुछ राज्यों में इन नियुक्तियों को लेकर असमंजस में रही है लेकिन कल नागुपर में पीएम मोदी की संघ मुख्यालय की यात्रा के बाद अब इन सभी कामों में तेजी की संभावना महसूस की जा रही है। जानकार सूत्रों का कहना है कि मप्र में तीन नामों के बीच ही भाजपा हाइकमान को अंतिम फैसला करना है। इनमें एक मंत्री और एक पूर्व मंत्री के अलावा एक नया नाम भी है। पार्टी ने इस इन नामों को काफी समय से 'शार्टलिस्ट' कर रखा है। कुछ 'तकनीकी वजहों' से मौजूदा अध्यक्ष वीडी शर्मा की संभावना भी बनी हुई है। जानकार सूत्र बताते हैं कि बीते दिनों केंद्रीय मंत्री अमित शाह के मप्र दौरे के मौके पर भी इस मामले में चर्चा हुई है इसके बाद दिल्ली में दो बैठकों में भी नये अध्यक्ष के नाम पर मंथन होचुका है। इसी में तीन नामों का निष्कर्ष निकला है। बताया जाता है कि भाजपा अप्रैल महीने के पहले पखवाडे में यह काम करेगी। खास बात यह है कि पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी अब मिलेगा। बीते दिनों जेपी नड्डा भी संघ नेताओं से मिलने जा चुके हैं। गौरतलब है कि मप्र में भाजपा को इस बार अपने संगठन चुनाव में कई तरह के सुरों का सामना करना पडा था और जिला अध्यक्षों की नियुक्ति भी खटाई में पड़ने लगी थीं बाद में सहमति और संवाद के जरिये इस स्तिति को काबू किया गया।

इधर, मप्र कांग्रेस चुनावी हार और दल-बदल से नुकसान के बाद जिला संगठन को सबसे पहले मजबूत व अधिकार संपन्न बनाने की तैयारी में है। इसके लिये तीन अप्रैल को दिल्ली में मध्यप्रदेश के नेताओं व जिलाध्यक्षों की बैठक हो रही है। इसमें अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल शामिल होंगे। सूत्रों की मानें तो जिला अध्यक्षों के कामकाज की समीक्षा की जाएगी और संगठन को मजबूत करने पर मंथन होगा। हालांकि अभी काम कर रहे जिलाध्यक्ष या प्रभारी में से भी अधिकांश बदले जाने हैं। मप्र में संगठन इस पर बीते एक महीने से काम भी कर रहा है। अब हाइकमान इस बात पर जोर दे रहा है कि जिला अध्यक्षों को अधिक अधिकार दिए जाएं ताकि वे अपने जिले में संगठनात्मक फैसलों में अहम भूमिका निभा सकें। इसके लिये एआईसीसी ने जिला संगठनों को सशक्त बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं तथा पार्षद से लेकर सांसद तक के टिकट वितरण में जिला अध्यक्षों की भूमिका को अनिवार्य करने का विचार बनाया है। दिल्ली में 3 अप्रैल को होने वाली इस बैठक में जिला अध्यक्षों की भूमिका को और प्रभावी बनाने पर चर्चा फिर होगी। इसके बाद 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के राष्टीय अधिवेशन में इस प्रस्ताव को पास किया जाएगा, जिसके बाद इसे पूरे देश में लागू किया जा सकता है।




### यादव आज महेश्वर के दौरे पर

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज महेश्वर दौरे पर रहेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ यादव सुबह उज्जैन में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद वे भोपाल में नवीन परिवहन सेवा के संबंध में बैठक करेंगे। दोपहर को डॉ यादव भोपाल से महेश्वर जाएंगे। शाम को वे महेश्वर में 'राष्ट्र समर्था - देवी अहिल्याबाई की पुण्यगाथा' नाट्य मंचन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## ईरान पर अमेरिकी बमबारी की चेतावनी के बाद बढ़ा तनाव



वाशिंगटन, एजेंसी

अब अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को धमकी दी है कि वह अपने न्यूक्लियर प्रोग्राम पर किसी समझौते पर नहीं पहुंचता तो अमेरिका उस पर बमबारी करेगा। ट्रम्प ने ईरान पर सेकेंडरी टैरिफ लगाने की भी धमकी दे डाली है। ट्रम्प ने कहा, अगर वे कोई डील नहीं करते हैं तो बमबारी होगी। यह ऐसी बमबारी होगी, जैसी उन्होंने पहले कभी नहीं देखी होगी। ट्रम्प ने कहा- उनके (ईरान) पास एक मौका है, अगर वे ऐसा नहीं करते तो मैं उनपर 4 साल पहले की तरह सेकेंडरी टैरिफ लगाऊंगा। हालांकि उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर प्रोग्राम पर अमेरिकी और ईरानी अधिकारी बातचीत कर रहे हैं। इससे पहले ट्रम्प ने न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर ईरान को सीधी बातचीत करने के लिए एक चिट्ठी लिखी थी, लेकिन ईरानी राष्टपति ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। ईरानी राष्टपति मसूद पजशकियान ने कह दिया है कि अमेरिका के साथ सीधे तौर पर कोई समझौता नहीं करेगा। इस बीच ईरान की सेना ने किसी भी अमेरिकी हमले का जवाब देने के लिए अपनी मिसाइलों को तैनात कर दिया है। तेहरान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की मिसाइलें सभी अंडरग्राउंड मिसाइल सिटी में लॉन्चरों पर लोड कर दी गई हैं और लॉन्च के लिए तैयार हैं।

## कल अप्रैल की शुरुआत आंधी और पानी के साथ

भोपाल, दोपहर मेट्रो

अबकी बार अप्रैल की शुरुआत तेज गर्मी की बजाय ओले, बारिश, गरज-चमक और आंधी के साथ हो रही है। कहीं-कहीं आंधी की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रतिघंटा तक रह सकती है। अप्रैल के शुरुआती तीन दिनों में मध्यप्रदेश में ओले-बारिश और आंधी का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इस वजह से प्रदेश के 40 से ज्यादा जिलों में असर देखने को मिलेगा। इससे पहले आज रतलाम, मंदसौर, अलीराजपुर और ब?वानी में हल्की बारिश और बादल छाए हैं वहीं भोपाल में भी सुबह बादलों का डेरा रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया, 24 घंटे के बाद मध्य महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव होने की संभावना है। जिसके पठारी क्षेत्र में ट्रफ के कारण अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आनी शुरू हो जाएगी, जिससे प्रदेश में भी मौसम बदला रहेगा। कल पहले दिन भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, बढ़वानी, झाबुआ, देवास, मंदसौर, नरसिंहपुर और सागर में 30 से 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी व बूंदाबादी भी हो सकती है।

## सिस्टम पर कंट्रोल व संघ का प्रोजेक्ट केंद्र सरकार पर सोनिया का हमला

शिक्षा व्यवस्था पर कई नए सवाल उठाए

नईदिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अपने सिर्फ तीन कोर एजेंडे को लागू करने पर जुटी है। ये एजेंडे हैं है केंद्रीकरण, व्यावसायीकरण और सांप्रदायिकरण। हाई-प्रोफाइल राष्टीय शिक्षा नीति की शुरूआत ने सरकार के वास्तविक मंशा को छिपा दिया है। सरकार भारत के बच्चों और युवाओं की शिक्षा के प्रति बेहद उदासीन है।सोनिया ने द हिन्दू में लिखे एक लेख में कहा है कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार के ट्रैक रिकॉर्ड ने स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है कि शिक्षा में वह केवल इन्हीं तीन मुख्य एजेंडा मदों के सफल कार्यान्वयन को लेकर चिंतित है। पिछले 11 वर्षों में इस सरकार की कार्यप्रणाली की पहचान सत्ता को मुट्ठी में लेना रहा है। सबसे ज़्यादा नुकसानदायक परिणाम शिक्षा के क्षेत्र में देखने को मिले हैं। केंद्र और राज्य सरकारों के शिक्षा मंत्रियों से मिलकर बना केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की मीटिंग सितंबर 2019 से नहीं हुई है। नीति के माध्यम से शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन को अपनाने और लागू करने के दौरान भी केंद्र सरकार ने इन नीतियों के कार्यान्वयन पर एक बार भी राज्य सरकारों से परामर्श करना उचित नहीं समझा। यह इस बात का प्रमाण है कि वह अपनी आवाज के अलावा किसी और की आवाज नहीं सुनती। सोनिया ने कहा कि सरकार की नीति में न सिर्फ संवाद की कमी है बल्कि 'धमकाने की प्रवृत्ति' भी है। इसके तहत केंद्र राज्य सरकरों को मिलने वाले अनुदानों पर भी रोक लगा देती है। सरकार ने विश्व विद्यालयों के वाइस चांसलरों की नियुक्ति में भी राज्य सरकारों अधिकार को खत्म कर दिया है। यह समवर्ती सूची में मौजूद विषय को पिछले दरवाजे से केंद्र के दायरे में लाने की कोशिश और ये संघवाद पर हमला है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा शिक्षा प्रणाली का व्यावसायीकरण खुलेआम हो रहा है। केंद्र सरकार का जोर सांप्रदायिकरण पर है। इसका उद्देश्य राष्टीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की दीर्घकालिक वैचारिक परियोजना को पूरा करना है, जिसमें शिक्षा प्रणाली के माध्यम से नफरत की खेती करना शामिल है। एनसीईआरटी किताबों में कथित रूप से चैप्टर बदलने जाने पर सोनिया ने सरकार को निशाने पर लिया है।

## एनडीआरएफ ने यांमार में बचाव अभियान किया शुरू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की एनडीआरएफ टीम ने यांमार के मांडले स्थित उह्ला थीन मठ में बचाव अभियान शुरू कर दिया है, जहां शुक्रवार को आए विनाशकारी भूकंप के बाद लगभग 170 बौद्ध भिक्षु अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। भारतीय सेना की टीम एक चयनित स्थल पर अपनी चिकित्सा सेवा स्थापित करने की तैयारी कर रही है। विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन ब्रह्मा पर एक अपडेट में कहा कि ''हम स्काई विला में एनडीआरएफ की टीम तैनात करने की भी कोशिश कर रहे हैं, जहां 11-11 मंजिलों वाले चार टावर ढह गए हैं। टावरों में कई विदेशी हैं; या यांमार सरकार जिस किसी अन्य साइट पर विचार करेगी, वहां टीम तैनात की जा सकती है।'' विदेश मंत्रालय ने कहा कि राहत सामग्री राज्य महानायक समिति ( यांमार की दूसरी सबसे बड़ी समिति ) के महासचिव को भी दी जाएगी, जहां लगभग 2,000 भिक्षु मठ के बाहर बैठे हैं ( जो घायल नहीं हैं, लेकिन उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है और कोई बुनियादी सुविधाएं भी नहीं हैं )।

## कामरा के समर्थन में आए पीके, देशभक्त बताया

पटना, एजेंसी

जन सुराज संस्थापक और पूर्व चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर भी अब कॉमेडियन कुणाल कामरा के समर्थन में आए हैं। कामरा पर महाराष्ट्र के डेप्युटी सीएम एकनाथ शिंदे पर %गद्दार% कहने का आरोप है। किशोर ने कहा कि कामरा की बात कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा या गलत इरादे से नहीं कही गई है। किशोर ने कामरा को अपना दोस्त बताया व उन आरोपों को खारिज कर दिया कि कामरा किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत काम कर रहे हैं। किशोर के अनुसार, कामरा फिलहाल पुडुचेरी में रहते हैं और जैविक खेती करते हैं। स्टैंड-अप कॉमेडी उनका शौक है। ज्ञात हो पिछले हफ्ते, मुंबई के खार स्थित हैबिटेट कॉमेडी क्लब में कामरा ने एकनाथ शिंदे पर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया था

## तीसरी मंजिल पर आग से दो मासूमों की मौत

नईदिल्ली, एजेंसी

पंजाबी बाग के मनोहर पार्क इलाके में बीती रात एक इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लग गई। आग में झुलसकर दो बच्चों की मौत हो गई, वहीं बच्चों को बचाने के दौरान मकान मालिक झुलस गए। घायल का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृत बच्चों की पहचान 14 साल की साक्षी और 7 साल के आकाश और घायल की पहचान संदीप पाठक के रूप में हुई है। बताते हैं कि दमकल की दो गाड़ियां जब मौके पर पहुंची तब तक पुलिस आग में झुलसे तीन लोगों को पास के अस्पताल लेकर जा चुकी थी। बाद में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जांच में पता चला कि मकान में लाल बहादुर अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते थे। लाल बहादुर अशोक पार्क इलाके में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं।

मेट्रो एंकर

कश्मीर को 'जोड़ने' वाली ट्रेन को पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

# एंटी फ्रीजिंग फीचर वाली वंदेभारत 19 से भरेगी फर्राटा

नईदिल्ली, एजेंसी

दुनिया के सबसे ऊंचे पुल और बेहद एंटी फ्रीजिंग फीचर से लैस एक नई वंदेभारत अब कश्मीर में फर्राटा भरने के लिये तैयार है। इससे अब कश्मीर घाटी देश के बाकी हिस्सों से 19 अप्रैल से भी जुड़ने वाली है। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। अभी जम्मू रेलवे स्टेशन पर अंतिम दौर का काम चल रहा है। इसलिए वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत कटरा से होगी। यह व्यवस्था कुछ समय के लिए ही है। उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी को भारतीय रेलवे ने ट्रायल वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल किया था। यह ट्रेन श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा रेलवे स्टेशन से श्रीनगर रेलवे स्टेशन तक चलाई गई थी। यह भारत के पहले केबल पुल अंजी खाद ब्रिज से होकर गुजरेगी। साथ ही यह चेनाब ब्रिज से भी गुजरेगी जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है।



खासियत यह है कि यह ट्रेन कश्मीर घाटी की ठंडी जलवायु को ध्यान में रखकर बनाई गई है। पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन 15 फरवरी, 2019 को नई दिल्ली और वाराणसी के बीच शुरू की गई थी। अभी देश में 50 से अधिक वंदे भारत चल रही हैं। जम्मू से श्रीनगर के बीच चलने वाली वंदे भारत से 272 किलोमीटर लंबी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना पूरी हो जाएगी। इस ट्रेन से जम्मू और श्रीनगर के बीच का सफर आसान हो जाएगा। इस ट्रेन सेवा से दोनों शहरों के बीच यात्रा का समय बहुत कम हो जाएगा। यह प्रोजेक्ट 1997 में शुरू हुआ था और पिछले महीने ही पूरा हुआ है। इसे पूरा करने में कई मुश्किलें आईं। इसमें भूगर्भीय और भौगोलिक दिक्कतें भी शामिल थीं। वंदे भारत एक्सप्रेस को कश्मीर के मौसम को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस ट्रेन में एंटी-फ्रीजिंग फीचर हैं। मतलब यह ट्रेन -20 डिग्री तक के तापमान में भी चल सकती है। यह ट्रेन पूरे साल बिना किसी परेशानी के हर मौसम में चलेगी। यह ट्रेन भूकंप को मापने वाले यंत्रों से भी लैस है। यह बहुत जरूरी है क्योंकि यह इलाका भूकंप के लिए संवेदनशील है। ये यंत्र हिमालय के इलाके में होने वाले झटकों को कम करते हैं।

### 13 किमी की सुरंग, 927 पुल

इस वंदेभारत में ड्राइवर के केबिन में गर्म विंडशील्ड है। इससे विंडशील्ड पर कोहरा या बर्फ नहीं जमेगी। ट्रेन के पाइप और बायो-टॉयलेट में हीटिंग एलिमेंट लगे हैं। इससे वे ठंड में भी ठीक से काम करेंगे। इस प्रोजेक्ट में 38 सुरंगें हैं। इनमें 12.75 किलोमीटर लंबी सुरंग अ-49 भी शामिल है जो भारत की सबसे लंबी ट्रांसपोर्ट टनल है। इस रूट पर 927 पुल भी हैं, जिनकी कुल लंबाई 13 किलोमीटर है। इनमें चिनाब ब्रिज सबसे खास है। यह पुल नदी के तल से 359 मीटर ऊपर है और दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च रेलवे पुल है। यह एफिल टॉवर से भी 35 मीटर ऊंचा है।



# राजधानी में मन रही ईद, अमन और खुशहाली की दुआ मांगी

## सुबह ईदगाह पर हुई मुख्य नमाज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी समेत प्रदेश में भी ईद-उल-फितर का त्योहार आज मनाया जा रहा है। सुबह से ही अकीदतमंद नमाज प?ने ईदगाह और मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। भोपाल की ताज उल मसाजिद, जामा मस्जिद और मोती मस्जिद सहित दूसरी मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा कर देश और मध्यप्रदेश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। भोपाल में ईदगाह पर होने वाली मुख्य नमाज सुबह 7~30 बजे अदा की गई। हर साल की तरह इस बार भी नमाज की सूचना तोप से गोले दागकर दी गई। नमाज ए खास से पहले शहर काजी मुश्ताक अली नदवी ने तकरीर में नौजवानों से कहा- कैरेक्टर और क्वालिटी पैदा करो। नशे से दूरी रखो, हलाल कमाई पर ध्यान



दो। हलाल और हराम में फर्क करना सीखो। शहर काजी ने कहा- अपने रोजमर्रा के खर्चों को कम करो लेकिन बच्चों की अच्छी तालीम पर खास ध्यान दो। नमाज के बाद सभी ने एकदूसरे को गले मिलकर बधाई दी।

हालांकि भोपाल में फलस्तीन के समर्थन में बैनर ईदगाह के बाहर कुछ युवा बैनर लेकर खड़े नजर आए। यहां नमाज के बाद फलस्तीन के लोगों के लिए दुआ भी पड़ी गई। मोती मस्जिद में भी दुआ के दौरान मुफ्ती अब्दुल कलाम साहब ने यमन और फलिस्तीन में मासूमों के कत्ल-ए-आम के खिलाफ दुआ कराई। यहां वक्फ बोर्ड की जायदाद की हिफाजत के लिए भी दुआ की गई। वहीं ईदगाह और अन्य मस्जिदों में नमाज पढ़ने पहुंचे मुस्लिम धर्मावलंबी बांह पर काली पट्टी बांधे नजर आए। यह वक्फ संशोधन बिल का विरोध कर रहे थे। दरअसल, बता दें कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण और मौन विरोध प्रदर्शन की अपील की थी।

# भोपाल से प्रयागराज और जयपुर, गोवा उड़ान बंद होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अप्रेल माह से लागू हो रहे समर शेड्यूल से पहले ही भोपाल से प्रयागराज, जयपुर और गोवा उड़ान अस्थाई रूप से बंद हो रही है। भोपाल से रायपुर व हैदराबाद तक अतिरिक्त उड़ानें शुरू होंगी। कुछ उड़ानों के समय में मामूली परिवर्तन होगा। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज उड़ान में सीटें नहीं मिल पा रही थीं। कुंभ खत्म होने के बाद अब कंपनी को यात्री नहीं मिल पा रहे हैं। इंडिगो ने इस रूट पर संचालित उड़ान की बुकिंग 30 मार्च और इसके बाद की तारीखों में नहीं हो रही है। गोवा रूट भी इसी दिन से उड़ान बंद होगी। जयपुर एयरपोर्ट पर रन वे विस्तार का काम शुरू होने के कारण भोपाल से जयपुर के बीच संचालित उड़ान स्थाई रूप से बंद होगी। एयरपोर्ट अथारिटी ने उमीद व्यक्त की है कि समर शेड्यूल के बीच में यह तीनों उड़ानें फिर से शुरू होंगी। समर शेड्यूल अप्रैल के अंतिम सप्ताह में लागू होता है।

## रायपुर के लिए अब दो उड़ान

भोपाल से रायपुर तक हवाई यात्रा करने वालों की संया बढ़ रही है। इसे देखते हुए इंडिगो ने इस रूट पर अतिरिक्त उड़ान शुरू करने की तैयारी की है। वर्तमान में रायपुर तक एक ही उड़ान है। 30 मार्च से दो उड़ानें हो जाएंगी। प्रस्तावित उड़ान संया 6-ई 7149 सुबह 9.40 बजे भोपाल से रवाना होगी। सुबह 11.10 बजे यह रायपुर पहुंचेगी। हैदराबाद रूट पर तीसरी उड़ान 30 मार्च से प्रारंभ होगी।

## स्टील ब्रिज की मेट्रो की लोड टेस्टिंग पूरी

# 90 किमी प्रतिघंटे की गति से ट्रेन चलाकर होगा ट्रायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत गणेश मंदिर से डीआरएम रोड तक दो स्टील ब्रिज की लोड टेस्टिंग रविवार रात पूरी हो गई। 48 घंटे तक रेत से भरी बारियों के साथ 240 टन वजनी दो मेट्रो के रैक को रखकर देखा गया। अलग-अलग उपकरणों से ब्रिज पर पडने वाला दबाव और कंपन का आकलन किया गया। अभी लोड टेस्टिंग की रिपोर्ट आना बाकी है। इसके बाद ही यहां ट्रायल का अगला चरण शुरू होगा।

## 2 रैक में 1800 यात्री, इतने ही वजन के साथ चलाएंगे मेट्रो

मेट्रो ट्रेन के दो रैक में यात्रियों की क्षमता 1800 है। ट्रेन को 90 किमी प्रतिघंटा की गति से एम्स से सुभाष ब्रिज तक चलाया जाएगा। इस रनिंग के टेस्ट में पास होने पर फिर सेफ्टी जांच के लिए मुंबई से कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम आएगी। उसके बाद ही यहां कमर्शियल रन शुरू होगा।

# साधु वासवानी स्कूल में चैतीचांद का पर्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में चैतीचांद का पर्व मनाया गया। नंदवानी भवन में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत भगवान झूलेलालजी की पूजा अर्चना के साथ हुई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने पर्व की बधाई दी एवं अपनी भाषा और संस्कृति को न भूलने का आह्वान किया। नव युवकसभा के अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने सच्चाई के रास्ते पर चलकर लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया। पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव नंद दादलानी, संस्कार स्कूल के बसंत चेलानी, बोरबन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी भी चैतीचांद की शुभकामनाएं दीं। छात्रा प्रियंका थद्धानी ने भगवान झूलेलाल के अवतार को एकता और प्रेम का प्रतीक बताया। विद्यार्थियों ने सिंधी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल सहित कई शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भावना कलवानी ने किया।

# रिसर्च के लिए महंगे उपकरणों की जरूरत नहीं, चाहिए सिर्फ खोजी दृष्टि

**भोपाल।** शोध एवं अनुसंधान पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम ÷शोध शिखर विज्ञान पर्व 2025÷ का शनिवार को रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय ( आरएनटीयू ) परिसर में समापन सत्र का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मप्र निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो. भरत शरण सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मनोज कुमार पटेरिया, पूर्व अध्यक्ष, सीएसआईआर-एनआईएससीपीआर एवं डॉ. नम्रता पाठक, वैज्ञानिक-जी, एनजीपी और एसएमपी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय उपस्थित रहे। अन्य अतिथियों में स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, आरएनटीयू की प्रो. चांसलर डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स, कुलगुरू आरपी दुबे और सीवीआरयू खंडवा के कुलगुरू डॉ. अरूण जोशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने वक्तव्य में प्रो. भरत शरण ने शोधार्थियों से भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए कार्य करने की बात कही। उन्होंने प्राचीन समय के कई उद्धरण देते हुए भारत की प्राचीन उपलब्धियों से अवगत कराया।



**प्रतिमा स्थापित**

**भोपाल।** 12 दफ्तर स्थित संत नामदेव सामुदायिक भवन में संत नामदेव महाराज और विट्ठल भगवान की प्रतिमा स्थापित की गई जिसकी पूजा अर्चना करते हुए विधायक भगवान दास सबनानी एवं भवन का निर्माण महेंद्र सिंह नामदेव की स्मृति में हुआ भवन विकास के लिए 5 लाख की घोषणा की विधायक ने और समाज की पत्रिका का विमोचन भी किया।

# पूज्य सिंधी पंचायत ने नारीमल नरियानी को याद किया



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व पूज्य सिंधी पंचायत ने पूर्व विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, पार्षद व कई सामाजिक संगठनों से जुड़े नारीमल नरियानी 6वीं पुण्यतिथि मनाई। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व पार्षद अशोक मारण ने कहा कि नारीमल नरियानी संत हिरदाराम साहिबजी के शिष्य थे तथा अपने जीवन काल में संतनगर को कइ सौगातें दीं। पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी ने कहा कि नरियानी एक अच्छे राजनेता के साथ साथ अच्छे समाजसेवी भी थे। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर घनश्याम लालवानी, राज मनवानी, नंद दादलानी ने भी विचार रखे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन महेश गुरबानी ने किया, श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी, राज मनवानी, मोहनलाल चंदनानी, नरेश पेसवानी, लक्ष्मण वासवानी, विष्णु मारण, कुमार फुलवानी, प्रेम पठानी, मुरली गुरबानी, कन्हैया नागदेव, बबलू टेकचंदानी, बूलचंद वासवानी आदि शामिल है। अंत में दो मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

**मेट्रो एंकर**

## उपनगर में सिंधु समाज की शोभा यात्रा ने बनाया नया रिकॉर्ड

# आयो लाल, झूलेलाल..., चेटीचंड पर गूंजे जयघोष, शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सागर

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सिंधु समाज के 64 वें चैतीचांद महोत्सव की शोभा यात्रा यादगार रही। आस्था, उमंग, उल्लास में डूबे सिंधी समाज ने आयो लाल झूलेलाल का घोष किया। आराध्य भगवान झूलेलालजी का उत्सव में संतनगर सिंधियतमय रहा। जहां नगर को भगवा झंडों से सजाया गया, वहीं पीली पगड़ी और पर्व की परंपरागत परिधान में घंटों उत्सव मनाया गया। शोभा यात्रा की शुरूआत समाज के विशिष्ठजनों ने बहिराणा साहिब की पूजा अर्चना की गई। आयोजन समिति के संयोजक कन्हैयालाल इसरानी व अन्य पदाधिकारियों ने बहिराणा साहिब की जोत प्रज्व्वलित क एवं पल्लव कर सभी की खुशहाली की कामना की। सबसे आगे झूलेलालजी और बहिराणा साहिब का भव्य रथ चल रहा था। बैंड बाजों, डीजे पर सिंधी भजनों ने समूचे संतनगर को झूलेलाल मय



कर दिया था। शोभा यात्रा सिंधु समाज भवन से मिनी मार्केट होते हुए मुख्य मार्ग पर कालिका चौराहे से कुटिया तक निकली। सिंधी समाज के युवक सफेद कुर्ता पजामा, पीलीपगड़ी और गमछे डाले हुए नाचते हुए शोभा यात्रा में चल रहे थे। शोभा यात्रा में भगवान झूलेलाल, सिंधू पति महाराजा डाहिरसेन की , अमर शहीद भगत कंवरराम व अन्य देवी देवताओं के रथ थे।

**यह मौजूद रहे:** शुभारंभ मौके पर विधायक भगवानदास सबनानी मौजूद रहे। शोभा यात्रा में सिंधी टीपी लगाकर विधायक रामेश्वर शर्मा शामिल हुए और पर्व की सिंधी समाज को बधाई दी। इस अवसर एमआईसी सदस्य राजेश हिंगारानी, पार्षद अशोक मारण शोभा यात्रा संयोजक कन्हैयालाल इसरानी, समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी, महेश दयारामानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, हीरो हिन्दू, सिंधु समाज के पदाधिकारी व समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## विजय नगर में शोभायात्रा

विजयनगर उत्थान सिंधी पंचायत, लालघाटी द्वारा चैतीचांद पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो श्री गंगा हरि सेवा धाम दरबार, विजय नगर लालघाटी से प्रारंभ होकर विजय नगर, वल्लभनगर, ओम नगर एवं सावन नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली। इस अवसर पर भगवान झूलेलाल जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती की गई।

## मंदिरों में विशेष पूजा

झूलेलाल मंदिर एच वार्ड, प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर थाने के सामने, झूलेलाल मंदिर न्यू बी और नगर निगम जोन कार्यालय के सामने झूलेलाल मंदिर में में चैतीचांद पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिंधी परिवारों में मंदिरों में जनेऊ एवं मुंडन संस्कार कराए।



# विक्रमोत्सव में प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत

## पहली बार 1000 ड्रोन से आकर्षक शो





**भोपाल/उज्जैन।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य की पुण्य-भूमि पर एक और नया अध्याय लिखा गया है। सम्राट विक्रमादित्य द हैरिटेज के शुभारंभ एवं विक्रम संवत 2080 की शुरूआत पर शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि जहां महाकाल स्वयं विराजते है, जहां कालिदास की अमर रचना जन्मी है और जहां विक्रमादित्य ने न्याय की सम्पूर्ण आधार-शिला रखी है। इस पुण्य-भूमि पर 'सम्राट विक्रमादित्य द हैरिटेज' का शुभारंभ कर आज एक और इतिहास रचा गया है। उन्होंने कहा कि महाराजवाड़ा के इस प्राचीन भवन को केवल पुनजीवित करना एवं निर्माण करना नहीं है, बल्कि ऐतिहासिक विरासत को संवारने का संकल्प है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंदीय विधि और न्याय एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने को उज्जैन में विक्रमादित्य द हैरिटेज का लोकार्पण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन संस्कृति से श्रेष्ठ परमंपराओं को पुन:जीवित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्यपाल की उपस्थिति में विक्रमोत्सव के कार्यक्रम से प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की जा रही है। प्रदेश के सभी जिलों में प्रभारी मंत्री, विधायक और अन्य जनप्रतिधियों की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यक्रम से जल गंगा संवर्धन अभियान आज से शुरू हो गया है। उज्जैन में 100 से अधिक कुआं, बावड़ी, तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों में स्वच्छता, जीर्णोद्धार और नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज हम सब क्षिप्रा नदी के पावन तट पर विक्रमोत्सव मना रहे हैं।




## जबकि 26 मार्च को ही ईडी ने माना सोना व नगदी सौरभ का

# लोकायुक्त ने 6 दिन बाद भी नहीं माना सौरभ का है सोना

**परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा से जुड़े मामले में 52 किलो सोना व 11 करोड़ नगदी मिलने का मामला**



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

लोकायुक्त ने 6 दिन बाद भी नहीं माना कि 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपये नगदी सौरभ् शर्मा की है या नहीं। जबकि ईडी 26 मार्च को ही यह बात मान चुका है और उसी दिशा में जांच आगे बढ़ा रहा है। इसी मामले में लोकायुक्त की जांच भी जारी है लेकिन ईडी के उक्त बात मानने के बावजूद सूत्रों के मुताबिक लोकायुक्त ने अपनी जांच नहीं बदली।

सौरभ शर्मा परिवहन विभाग का पूर्व आरक्षक है। उसके दोस्त की कार में 52 किलोग्राम सोना व 11 करोड़ की नगदी मिली थी। उक्त मामले में सबसे पहले कार्यवाही लोकायुक्त ने ही शुरू की थी। लंबी पूछताछ में कभी यह बात सामने नहीं आई कि सोना व नगदी किसकी है।

### सौरभ शर्मा के दावे से आगे नहीं बढ़ी लोकायुक्त की जांच

लोकायुक्त ने दावे किए कि सौरभ उक्त संपत्ति खुद की होना स्वीकार नहीं कर रहा है। लोकायुक्त यही मानकर आगे जांच भी कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक उधर आयकर विभाग की कार्रवाई में भी अब तक इस बात का जिक्र नहीं है कि सोना व नगदी किसकी है। इसके पीछे भी सौरभ का स्वीकार नहीं करना बताया गया। विशेषज्ञों की मानें तो अब ईडी के खुलासा के बाद लोकायुक्त व आयकर विभाग को सौरभ शर्मा से जुड़े कुछ मामलों में नए सिरे से जांच आगे बढ़ानी पड़ सकती है। वाहन से मिला सोना आयकर विभाग ने लॉकर में रखवाया था। एक तरह से वह आयकर विभाग के अधीन है। नगदी बैंक में जमा कराई गई थी। उक्त संपत्ति को सरकारी खजाने में जमा करने की बात कही जा रही थी, इस बीच सौरभ के कबूलनामे से तीन स्तर पर चल रही जांच में नया मोड़ आ गया है।

### 100 करोड़ की संपत्ति अटैच

ईडी सौरभ शर्मा की 92.07 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियां अनंतिम रूप से कुर्क कर चुकी है। इसकी जानकारी 25 मार्च को सार्वजनिक की थी। यह संपत्ति सौरभ ने अपने नाम पर या अपने रिश्तेदारों, सहयोगियों के नाम पर बनाई थी। इस तरह ईडी अभी तक 100.36 करोड़ की संपत्ति कुर्क कर चुकी है।

# तबादला नीति जल्द, मंत्रियों को मिलेगा काम

## सरकार कर रही तबादला नीति पर काम, अप्रैल महीने में होगी जारी, मई व जून के पहले होंगे इधर-उधर

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



तबादला नीति को लेकर सरकार ने काम तेज कर दिया है। अप्रैल के महीने में कभी भी यह नीति सामने आ जाएगी। मई और जून में तबादला कराने के अवसर मिलेंगे। यह काम मंत्रियों की अनुशंसा पर होगा।

इस तरह मंत्रियों को नया काम मिल जाएगा। मोहन सरकार में आने वाली यह पहली तबादला नीति होगी। इसके पूर्व जनवरी 2025 में विशेष तबादला नीति आई थी, जिसमें उन कर्मचारियों के तबादले किए गए। बाकी के कर्मचारी इंतजार कर रहे हैं।

### यह होगी प्रक्रिया

- आवेदन ऑनलाइन होंगे, उस पर ऑनलाइन ही कार्रवाही होगी।
- आवेदन को अस्वीकृत करने की वजह स्पष्ट होगी, कर्मचारी संतुष्ट नहीं होने पर अपनी बात रख सकेंगे।

### मंत्रियों पर आने लगा दबाव

कर्मचारी वर्गों की ओर से मंत्रियों पर दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे लोगों का कहना है कि सरकार तबादला नीति लाकर लाभ दें, ताकि वर्षों से जिन कर्मचारियों के तबादले नहीं हुए, उन्हें अवसर मिल सकें।

### निगम मंडलों में भी नियुक्ति जल्द

प्रदेश के निगम मंडलों में भी नियुक्तियां जल्द शुरू होगी। इसके लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को लेकर पूरी की जाने वाली चुनाव प्रक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। यह प्रक्रिया भी अप्रैल माह में ही पूरी होगी।

प्रदेश में 50 से अधिक निगम, मंडल व प्राधिकरण है। इनकी जिम्मेदारी मंत्रियों के पास है। आमतौर पर इन निगम मंडलों, प्राधिकरणों में मंत्रियों को छोड़ दूसरे जनप्रतिनिधियों को बैठाया जाता है, जिसका डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद से इंतजार किया जा रहा है। ये नियुक्तियां अब तक कई बार टल चुकी है। अब बारिश पूर्व होने के आसार है, यदि तब तक भी सत्ता व संगठन ये नियुक्तियां नहीं करवा पाया तो यह लंबे समय तक टल सकती है।

## बिजली बिल वसूली में अचानक सख्ती से किसानों में पनपा रोष



**भोपाल ।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायक अजय सिंह ने विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदेश में बिजली की बकाया राशि की वसूली में बरती जा रही अति सख्ती पर आपत्ति दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि बिजली बिल समय पर जमा ना करने वालों में अधिकतर किसान लोग हैं और इनमें भी 90त्न छोटे और सीमांत किसान हैं। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अचानक ही सख्ती किए जाने के कारण किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है क्योंकि जिन गांवों का ज्यादा बिल बकाया है वहां पर पूरे गांव की बिजली काटी जा रही है। लिहाजा गर्मी के समय गांव में पानी की सप्लाई प्रभावित हो रही है साथ ही गर्मियों की सब्जियां लगाने वाले किसानों की फसल पानी के अभाव में नष्ट होने की कगार पर है। सिंह ने कहा कि बिजली बिल वसूली में अति सख्ती न की जाकर अधिकारियों को किसानों के प्रति संवेदनशील रुख अपनाया जाना चाहिए ताकि आक्रोश के कारण पैदा होने वाली अप्रिय स्थिति से बचा जा सके।

## कल से शुरू होगा स्कूल चलें हम अभियान, जिला शाला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रमों का आयोजन

**इधर निजी स्कूलों की मनमानी जारी, अब तक सार्वजनिक नहीं पुस्तकों का ब्यौरा**

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**



प्रदेश में नवीन शिक्षण सत्र वर्ष 2025-26 की शुरुआत एक अप्रैल से स्कूल चलें हम अभियान के रूप में की जायेगी। अभियान के दौरान प्रदेश में एक से 4 अप्रैल, 2025 तक प्रतिदिन शालाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिला कलेक्टर्स और जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अभियान के दौरान सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। प्रदेश में करीब 92 हजार सरकारी स्कूल हैं। इनमें प्रायमरी, मिडिल, हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में लगभग 85 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। स्कूल चलें हम अभियान का राज्य स्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में होगा। कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की जा रही है।

प्रदेश में जिले के प्रभारी मंत्री जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम चयनित शाला में होगा। कार्यक्रम में सांसद, विधायक एवं अन्य जन-प्रतिनिधि शामिल होंगे। उपस्थित छात्र-छात्राओं को निरूशुल्क पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जायेंगी।

## महंगाई भत्ते के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों ,स्थाई कर्मियों एवं पेंशनरों को पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं राहत तत्काल प्रदान की जाए। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने में बताया है कि केंद्र के कर्मचारियों को भारत सरकार ने उन्हें दो प्रतिशत महंगाई भत्ता का लाभ पुनः दे दिया है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार ने पहले का ही बकाया तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता का लाभ अभी तक नहीं दिया अब 5प्रतिशत महंगाई भत्ते से प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारी पीछे हो गए मुख्यमंत्री ने विधानसभा एवं टी टी नगर दशहरा मैदान की सभा में घोषणा करी थी कि महंगाई भत्ते का लाभ सातवें वेतनमान के अनुसार पुनरीक्षण करके दिया जाएगा लेकिन आदेश आज तक जारी नहीं किए गए।

**मेट्रो एंकर** जिला मूल्यांकन केंद्रो पर बढ़ाई शिक्षकों की संख्या, 40 फीसदी हुआ मूल्यांकन

# परीक्षा समाप्त होने व ऑनलाइन हाजिरी से बढ़ी मूल्यांकन की रफ्तार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

दसवीं-बारहवीं की परीक्षा के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य जारी है। मूल्यांकन कार्य की धीमी गति को देखते हुए माशिमं ने कई अहम बदलाव भी किए हैं। परीक्षाओं के समाप्त होने के साथ ही मूल्यांकन केंद्रो पर शिक्षकों की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है।

इसके साथ ही इस बार मूल्यांकनकर्ताओं की उपस्थिति को ऑनलाइन दर्ज करने की व्यवस्था की है। जिसके चलते मूल्यांकन कार्य में भी गति आई है।

बताया जा रहा है कि अब तक करीब 40 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। 10वीं व 12वीं के 17 लाख विद्यार्थियों की 90 लाख उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए करीब 40 हजार शिक्षकों को लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि दोनों कक्षाओं की परीक्षाओं में इस बार करीब 16.60 लाख विद्यार्थी शामिल हुए हैं। इस साल हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में 9 लाख 53 हजार 777 विद्यार्थी और 12वीं में 7 लाख 6 हजार 475 विद्यार्थी शामिल हुए।

### हेल्पलाइन पर कॉल्स में इजाफा, रोजाना पहुंच रहे 350 कॉल

माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं 12वीं की परीक्षाएं समाप्त होने के साथ ही अब विद्यार्थियों को बेसब्री से अपने परीक्षा परिणाम का इंतजार है। इसके साथ ही अगली कक्षा में विषय चयन, 12वीं के बाद करियर को लेकर विद्यार्थियों की चिंता ब? गई है। ऐसे में माशिमं की हेल्पलाइन पर आने वाली कॉल्स में तेजी से ब?ोत्तरी हुई है। रोजाना करीब 300 से 350 कॉल माशिमं की हेल्पलाइन पर पहुंच रहे हैं। जबकि सामान्य दिनों में इन कॉल्स की संख्या 100 से 150 रहती है। जनवरी से लेकर 29 मार्च तक हेल्पलाइन पर करीब 14 हजार कॉल पहुंचे हैं। इसमें सबसे अधिक कॉल मार्च माह में पहुंचे हैं। काउंसलर्स विद्यार्थियों से लगातार जु? हुए हैं और उनकी समस्या का समाधान कर रहे हैं। बता दें कि माशिमं हेल्पलाइन पर वर्ष 2024 में दिसंबर तक 1 लाख 8 हजार 615 कॉल पहुंचे हैं। विद्यार्थियों की समस्या के समाधान के लिए मंडल द्वारा हेल्पलाइन पर 18 काउंसलर्स की टीम के साथ ही करीब 180 विषय विशेषज्ञ भी जो? गए हैं। यह काउंसलर तीन पाली में काम करते हैं। हर पाली में 6 काउंसलर होते हैं। इसमें पहली पाली सुबह 8 से 12, दूसरी पाली दोपहर 12 बजे से 4 बजे और तीसरी पाली 4 बजे से 8 बजे तक काम करती है। विद्यार्थी कभी भी कॉल कर अपनी समस्या का समाधान ले सकते हैं।

### हाजिरी सॉफ्टवेयर तैयार

ऑनलाइन हाजिरी के लिए माशिमं ने एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है, जो सभी समन्वयक केंद्रों के पास होगा। सबसे पहले शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इसके लिए मंडल ने सभी समन्वयक केंद्रों को निर्देश जारी किए हैं कि एक कंप्यूटर सिस्टम और एक ऑपरेटर की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही एक दिन में कितनी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया इसकी संख्या भी दर्ज करानी होगी।



## संपादकीय

### आवाज की अहमियत

एक लोकतांत्रिक देश के संघीय ढांचे की अहम पहचान इसमें सवाल पूछना और अभिव्यक्ति की आजादी की है। लेकिन हाल के दिनों में इसी अभिव्यक्ति की आजादी पर कई तरह के खतरे देखे जाने लगे हैं। जहां तक भारत की बात है तो इस मामले में सूचकांक में वह खिसक ही रहा है। जहां तक मीडिया की बात है तो नागरिकों की आवाज को मुखरता देना या पत्रकार का मूल दायित्व होता है। अगर वह सच्चाई सामने नहीं लाएगा, जनता की परेशानियों तथा उनकी नाराजगी को सामने नहीं रखेगा, तो पत्रकारिता अपना मूल उद्देश्य खो देगी और व्यवस्था किसी आम आदमी पर हावी होती ही रहेगी। लेकिन आलम ऐसा नजर आता है कि जैसे शासन तंत्र अपने खिलाफ कोई भी स्वर नहीं सुनना चाहता। इसकी बानगी जब तक देखने को मिलती है, हाल में गुवाहाटी में भी देखने को मिली, जहां एक सहकारी बैंक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान वित्तीय अनियमितताओं को लेकर सवाल पूछने वाले पत्रकार को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि बाद में एक अदालत ने पत्रकार को जमानत दी। उस बैंक में अहम पदों पर सत्ता से जुड़े रसूखदार लोग काबिज बताए जाते हैं और वह पत्रकार वहां चल रही अनियमितताओं को लेकर लगातार अपने पोर्टल पर लिख रहा था। हालांकि इस संबंध में पुलिस का यह कहना रहा कि उस पत्रकार ने जनजातीय समुदाय के एक व्यक्ति के खिलाफ जातिवादी टिप्पणियां की थी। हालांकि व्यवस्था के विरोध में जनता के लिए लिखने वाले पत्रकारों के प्रति शासन की असहिष्णुता की खबरें अक्सर सामने आती हैं और कई देशों में ऐसा होता भी रहा है। मगर ऐसी स्थिति में कोई पत्रकार कैसे अपनी जिम्मेदारी निभा पाएगा। तमाम वैश्विक एजंसियां भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठाने भी लगी हैं। यह बडा आश्यर्चजनक लगता है कि प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत लगातार नीचे खिसक रहा है। अभी 180 देशों में भारत वर्तमान में 159वें स्थान पर है। वर्ष 2003 से ही भारत का प्रदर्शन खराब आंका जा रहा है।
सूचकांक के अनुसार, भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये और रूस के बराबर माना जा रहा है। ब्रिक्स देशों में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका में ज्यादा स्वतंत्रता प्राप्त है, जबकि चीन और रूस निचले पायदान पर हैं। दक्षिण एशियाई देशों में, बांग्लादेश को छो?कर अन्य सभी देश नवीनतम सूची में भारत से बेहतर स्थान पर हैं। लिहाजा सभी को सोचना होगा कि हम कहां ख? हैं। लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने वाले इस अहम कारक की ओर ध्यान देना होगा कि यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ही है जो भारत के लोकतंत्र को मजबूत करती है। हालांकि यह भी आवश्यक है कि जनता की आवाज और अन्याय की बातों को तर्कों व तथ्यों के साथ सामने रखा जाए और शालीनता की सीमा का भी पूरा ध्यान रहे। कुछ मामलों में ऐसा नहीं हो पाता हो, यह संभव है लेकिन हर मामले में ऐसा नहीं होता, चाहे आज के दौर का सोशल मीडिया प्लेटफार्म हो या परंपरागत मीडिया। इसमें लोग अपनी बातों को सफाई,संयम और तर्कों के साथ रखते आए हैं। ऐसे में शासन प्रशासन को भी समझना चाहिये कि निंदा या समालोचना से व्यवस्था सुधरती ही है, जबकि इन आवाजों को दबाने की कोशिश से कालांतर में नुकसान ही होता है।

# गरीबों को मुफ्त राशन पर वर्ग विशेष और अदालत को आपत्तियां क्यों ?



■ आलोक मेहता

**देश के एक नामी मीडियाकर्मी और लेखक ने इस सप्ताह अपने कॉलम में सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना पर आपत्तियां करते हुए कुछ तर्क रखे । वैसे वह नागरिक अधिकारों के समर्थक ही नहीं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रशंसक भी हैं । इसलिए उन्हें सरकार विरोधी भी नहीं कहा जा सकता है ।लेकिन मुफ्त राशन बांटने के विरुद्ध वह अकेले नहीं हैं । समाज के संपन्न और मध्यम वर्ग के अनेक लोग इस नीति की आलोचना करते हैं । लेखक की तरह वे भी कहते हैं कि इससे लोग निकम्मे हो रहे ,, कामकाज के बजाय मुफ्त योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं ।**

आलोचक इस बात पर ध्यान नहीं देते कि ग़रीब अनाज मुफ्त मिलने के बाद मेहनत मजदूरी से हुई आमदनी से बीबी बच्चों के लिए कपड़े , झोपड़ी या कच्चे मकान में जरूरी सामान , दूध पानी आदि का इंतजाम करते हैं । सरकारी स्कूल में बच्चों को मुफ्त शिक्षा और किताब मिलने से वे थोड़े शिक्षित हो जाते हैं । ग़रीब परिवार उसी अमीर या मध्यम वर्ग के लोगों के घरों , खेतों या दुकानों में काम भी करते हैं ।
दूसरी महत्वपूर्ण बात यह है कि किसानों से उचित दाम पर सरकार लाखों टन अनाज ख़रीदकर ही बाँटती है । यदि सरकार केवल ख़रीद करेगी तो अनाज को रखकर क्या लड़ेगी ?
इस दृष्टि से मोदी सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त अनाज देने की पूरी योजना को ध्यान से समझने की आवश्यकता है ।प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत देश में 81 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रति माह पाँच किलो अनाज सरकार द्वारा दिया जा रहा है। इस योजना में गरीब परिवारों को 35 किलो अनाज हर महीने निशुल्क में दिया जाता है।2020 के कोविड संकट से यह योजना शुरू हुई थी । योजना की अवधि अब 5 सालों तक की बढ़ा दी गई है।अब इस योजना का लाभ 2029 तक मिलेगा। सरकार इस योजना में 5 साल के अंदर 11.80 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी ।कोविड के समय लोगों का रोजगार चला गया था। और लोगों को अपना जरूरतमंद चीजों को नहीं खरीद पाए थे, और नहीं अच्छे से खाते पीते थे। उसे समय सभी परिवारों के व्यवस्था खराब हो गई थी। जिससे लोगों को बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ता था। और ऊपर से उनका रोजगार भी चला गया था। इसी कारण देश के लोगों की जरूरत के अनुसार इस योजना का प्रारंभ मार्च 2020 को ही किया गया था।सरकार ने वर्ष 2025 में गरीबी उन्मूलन और सामाजिक कल्याण के लिए योजना को नया रूप दिया है । इस नई राशन कार्ड योजना का उद्देश्य देश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को व्यापक सहायता प्रदान करना है। यह योजना न केवल खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।देश में आज भी लाखों परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याओं के कारण कई परिवारों के लिए दो वक्त का भोजन जुटाना भी चुनौतीपूर्ण बन गया है। ऐसी परिस्थितियों में, सरकार ने राशन कार्ड योजना 2025 के माध्यम से गरीब परिवारों को राहत देने का निर्णय लिया है। यह योजना पहले से चल रही सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) का एक विस्तारित और अधिक प्रभावी रूप है, जिसमें कई नए लाभ और सुविधाएँ जोड़ी गई हैं।राशन कार्ड योजना 2025 के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को प्रति व्यक्ति हर महीने 5 किलोग्राम अनाज निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। इसमें गेहूं, चावल और दालें शामिल हैं। यह मात्रा पहले की योजनाओं की तुलना में अधिक है और इसमें पोषण की दृष्टि से महत्वपूर्ण दालों को भी शामिल किया गया है।सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि वितरित किया जाने वाला अनाज उच्च गुणवत्ता का हो। इसके लिए खाद्य निरीक्षण और गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली को मजबूत किया गया है। राशन की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए एक विशेष हेल्पलाइन भी स्थापित की गई है। राशन कार्ड धारकों को अब हर महीने 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। यह राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से स्थानांतरित की जाएगी। इस प्रक्रिया में आधार लिंकिंग और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) का उपयोग किया जाएगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और पारदर्शिता बढ़ेगी।
यह आर्थिक सहायता विशेष रूप से उन परिवारों के लिए वरदान साबित होगी, जिनकी आय अनियमित है या जो दैनिक मजदूरी पर निर्भर हैं। इस राशि का उपयोग वे अपनी दैनिक जरूरतों, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य आवश्यक व्यय के लिए कर सकेंगे।
राशन कार्ड योजना 2025 का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू 'वन नेशन वन राशन कार्ड' व्यवस्था है। इस व्यवस्था के तहत, कोई भी राशन कार्ड धारक देश के किसी भी हिस्से में अपने राशन कार्ड का उपयोग कर सकता है। यह सुविधा विशेष रूप से प्रवासी श्रमिकों के लिए लाभदायक है, जो रोजगार की तलाश में अक्सर एक राज्य से दूसरे राज्य में जाते हैं।इस योजना से पहले, प्रवासी मजदूरों को अपने गृह राज्य के बाहर राशन प्राप्त करने में कठिनाई होती थी। अब वे देश के किसी भी राज्य में अपना राशन प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उन्हें खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी और आर्थिक बोझ कम होगा।
राशन कार्ड योजना 2025 में शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस योजना के तहत, राशन कार्ड धारकों के बच्चों को स्कूली शिक्षा के लिए मुफ्त किताबें, यूनिफॉर्म और छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इससे गरीब परिवारों के बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी और वे अपना भविष्य सुरक्षित कर सकेंगे।राशन कार्ड योजना 2025 में महिला सशक्तिकरण को विशेष महत्व दिया गया है। इस योजना के अंतर्गत, राशन कार्ड महिला सदस्य के नाम पर जारी किया जाएगा, जिससे परिवार में महिलाओं की भूमिका और महत्व बढ़ेगा।

उदरहरण के लिए आदिवासी बहुल झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत परिवार के प्रत्येक सदस्य को पांच किलो अनाज मिलता है. । झारखण्ड में चावल, गेहूं, चना दाल भी दिया जाता है. सरकार को प्रति परिवार को सोयाबीन दिये जाने का भी प्रस्ताव मिला है ।अगर यह योजना लागू हो जाती है, तो प्रत्येक परिवार को चावल/गेहूं, दाल और सोयाबीन के रूप में एक सब्जी मिल सकेगी. मात्र 10 रुपये में धोती/लुंगी व सा?ी एक व्यक्ति को भोजन के साथ-साथ कप?ों की भी आवश्यकता होती है. सरकार वर्ष में दो बार प्रति परिवार को धोती/लुंगी व सा?ी उपलब्ध करा रही है. इसके लिए मात्र 10 रुपये कार्डधारक से लिया जा रहा है । इतनी कम कीमत पर राज्य सरकार लोगों के तन ढंकने का कार्य कर रही है ।
किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले और कल्याणकारी योजनाओं की जरूरतें पूरी हों, यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियां गेहूं की खरीद करती हैं।मोटे अनाज की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को भी कहा गया।अप्रैल से शुरू होने वाले 2025-26 रबी विपणन सत्र के लिए 3.1 करोड़ टन गेहूं खरीद का लक्ष्य तय कर लिया गया है। सरकार ने फसल वर्ष 2024-25 (जुलाई-जून) में 11.5 करोड़ टन रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है, इसके बावजूद खरीद लक्ष्य कम है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राज्यों के खाद्य सचिवों के साथ हुई बैठक में गेहूं, धान और मोटे अनाज जैसी रबी फसलों के लिए खरीद लक्ष्य तय किया गया।
विचार-विमर्श के बाद, आगामी 2025-26 विपणन सत्र के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.1 करोड़ टन, चावल 70 लाख टन और मोटे अनाज 16 लाख टन निर्धारित किया गया।राज्यों से आगामी विपणन सत्र में गेहूं और चावल की खरीद को अधिकतम करने के लिए सक्रिय कदम उठाने को कहा गया। राज्यों से फसलों के विविधीकरण और आहार चलन में पोषण बढ़ाने को प्रोत्साहित करने के लिए मोटे अनाज की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने को भी कहा गया। अप्रैल से शुरू होने वाले 2025-26 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल तय किया
किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य मिले और कल्याणकारी योजनाओं की जरूरतें पूरी हों, यह सुनिश्चित करने के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य एजेंसियां गेहूं की खरीद करती हैं। सत्र 2024-25 में सरकारी गेहूं खरीद तीन से 3.2 करोड़ टन के लक्ष्य के मुकाबले 2.66 करोड़ टन तक पहुंच गई। हालांकि यह 2023-24 में खरीदे गए 2.62 करोड़ टन से अधिक है, लेकिन यह उस वर्ष के 3.41 करोड़ टन लक्ष्य से कम है।



एक गंभीर समस्या अनाज के वितरण में सामने आई है ।इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकनॉमिक रिलेशंस की रिपोर्ट के मुताबिक देश से हर साल करीब 69,000 करोड़ रुपए का राशन गायब हो जाता है, जिससे देश को बड़ा नुकसान होता है । यह राशन उन 81 करोड़ जरूरतमंद लोगों के लिए आता है, जो सरकारी पर मदद पर निर्भर रहते है ।इस रिपोर्ट के मुताबिक देश से हर साल करीब 69,000 करोड़ रुपए का राशन गायब हो जाता है, जिससे देश को बड़ा नुकसान होता है. यह राशन उन 81 करोड़ जरूरतमंद लोगों के लिए आता है, जो सरकारी पर मदद पर निर्भर रहते है. इस रिपोर्ट के मुताबिक करीब 2 करोड़ टन चावल और गेहूं जरूरतमंदों तक पहुंचने से पहले ही खुले बाजार में बिक जाता है या कहीं और भेज दिया जाता है. रिपोर्ट में बताया गया कि राशन चोरी की समस्या अब पहले से कम हुई है, लेकिन अब भी यह पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है । 2011-12 में 46त्न राशन चोरी होता था, जो अब घटकर 28त्न पर आ गया है. यह एक चिंता का मुद्दा है, इससे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है । इस तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए सरकार ने कुछ कड़े कदम उठाए हैं ।अब राशन कार्ड धारी का केवाईसी अपडेट नहीं कराया है, तो 2025 से राशन और सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा । लाखों लोगों के राशन कार्ड निष्क्रिय हो सकते हैं, जिससे वे सस्ती दरों पर मिलने वाले अनाज और अन्य सरकारी सुविधाओं से वंचित हो जाएंगे । सरकार ने यह कदम फर्जी और अपात्र लाभार्थियों को हटाने और जरूरतमंदों तक सही तरीके से राशन पहुंचाने के लिए उठाया है. कई जगहों पर एक ही व्यक्ति के नाम से एक से अधिक राशन कार्ड जारी कराए गए हैं, जिससे राशन वितरण में गड़बड़ी हो रही है. केवाईसी प्रक्रिया से यह तय किया जाएगा कि सिर्फ योग्य और वास्तविक लाभार्थियों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिले.।
सवाल यह भी है कि समाज का प्रभावशाली वर्ग अपने टैक्स में कमी करवाता रहा । हर तरह की सुविधाएं लेता है । उसकी आमदनीगई है । सरकारी या निजी कंपनियों के लोग सुविधा संपन्न होते जा रहे हैं । ग़रीब उनके घरों या दुकानों , कारखानों खेतों में काम भी करता है । लेकिन उसे सरकारी सुविधा सहायता पर आपत्ति करता है । उसे अपने आसपास के लोगों को शिक्षित सुखी बनाने पर भी ध्यान देना चाहिए ।

**सत्य से बड़ा तो ईश्वर भी नहीं होता है।**
**-अज्ञात**

### आज का इतिहास

- 1582: फ्रांस में इस दिन को मूर्ख दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई।
- 1793: जापान में उनसेन ज्वालामुखी फटा, जिससे 53,000 लोगों की मौत हो गई।
- 1839: कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल 20 बिस्तरों के साथ शुरू किया।
- 1889: हिंदू का दैनिक अखबार के तौर पर प्रकाशन शुरू। 20 सितंबर 1888 से प्रकाशित इस अखबार को अब तक साप्ताहिक रूप से प्रकाशित किया जा रहा था।
- 1582: फ्रांस में इस दिन को मूर्ख दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत हुई।
- 1793: जापान में उनसेन ज्वालामुखी फटा, जिसके कारण लगभग 53,000 लोगों की मौत हो गई।

### निशाना

**आई बात निकल कर !**




-कृष्णेन्द्र राय

है दिया भरोसा ।
होगा पूरा न्याय ।।
आयी बात निकल कर ।
आगे भी सहाय ।।
चल रहा है काम ।
देकर सब कुछ ध्यान ।।
कोशिश है अब पूरी ।
लौटे फिर सम्मान ।।
इंतज़ार है करना ।
हैं कितने गंभीर ?
दिख जाए धरातल ।
चमके जब तकदीर ।।
चली लंबी बातचीत ।
आए अब परिणाम ।।
सकारात्मक चल रही ।
अटकलें तमाम ।।

# मौसम कुछ ऐसा जो बेचैन करे,गर्मी अपनाएं तो शीतलता

■ अनन्या मिश्रा

मौसम बदल रहा है और हवा गर्म हो रही है। सड़कें अब धूप में चमकने लगी हैं। दिन लंबे होते जा रहे हैं और धरती बारिश की आस लगाने लगी है। इस मौसम में कुछ ऐसा है जो हमें बेचैन कर देता है। शरीर पसीना बहाता है। मन विचलित रहने लगता है। कभी-कभी व्याकुलता भी होने लगती है। सूरज की अथक किरणों के नीचे सब कुछ उजला, लेकिन झुलसा देने वाला लगता है। लेकिन, क्या यही %तपस% नहीं है? अर्थात गर्मी में जलना। शुद्धिकरण। अग्नि परीक्षा। निश्चित ही, यह अध्यात्मिक प्रतीत होता है।तपस शब्द मूलतः तप शब्द से बना है, जिसका अर्थ है गर्मी, चमक या तीव्रता। यह मात्र शारीरिक तपस्या के बारे में नहीं है। यह अग्नि है जो परिष्कृत करती है। यह अनुशासन है जो मजबूत बनाता है। यह बेचैनी है जो परिवर्तन की ओर ले जाती है। ऋषिगण यह जानते थे। वे जंगलों, गुफाओं, सूखी नदियों के किनारों की तलाश करते थे-ऐसे स्थान जहां गर्मी उन्हें भ्रम से मुक्त कर सके, जहां मौन उन्हें उनका अपना मन दिखा सके।
÷सत्येन लभ्यस्तपसा ह्येष आत्मा÷ (मुण्डकोपनिषद्) अर्थात, यह %आत्मा% सत्य से, आत्म-संयम (तप) से, सम्पूर्ण एवं सम्यक् ज्ञान से लभ्य है। अपने चारों ओर देखें। पृथ्वी तप में है। नदियां सिकुड़ जाती हैं। वृक्ष ऊर्जा को संरक्षित करने के लिए पत्ते गिरा देते हैं। पशु धीमी गति से चलते हैं, छाया में आराम करते हैं। सभी अनावश्यक चीजें समाप्त हो जाती हैं। और क्या ऐसा ही नहीं होता है जब हम इस आध्यात्मिक मार्ग पर चलते हैं? आधुनिक जीवन हमें असुविधा से दूर रखता है। एयर कंडीशनिंग, कोल्ड ड्रिंक, तुरंत राहत- हम गर्मी महसूस होते ही इससे बच जाते हैं। लेकिन, प्रकृति ऐसा नहीं करती। यह सहती है और सहने में, यह रूपांतरित होती है। तप सहन करने के बारे में है, लेकिन पीड़ा के लिए नहीं। यह आग से गुजरने और हल्का, स्पष्ट, मजबूत होने का एक सचेत विकल्प है। यह वही है जो कच्चे सोने को शुद्ध धातु में बदल देता है। यह वही है जो एक साधारण व्यक्ति को कुछ महान बनाता है। श्री कृष्ण भगवद गीता में कहते हैं कि शरीर का तप है- सरलता, संयम, और अहिंसा। वाणी का तप है- सत्य, सौम्यता, और उत्थान करने वाले शब्द। मन का तप है-शांति, मौन, और आत्म-नियंत्रण। अर्थात, शरीर कि तपस्या को ही तप कहते हैं। किन्तु आज की दुनिया में इसका क्या अर्थ है? हम ध्यान के लिए पेड़ों के नीचे नहीं बैठे हैं। हम हिमालय में सत्य की खोज के लिए सब कुछ त्याग नहीं रहे हैं। और फिर भी, तप की आवश्यकता पहले से कहीं ज़्यादा है। इस प्रकार, जीवन में विकर्षणों के बारे में सोचें। अंतहीन सूचनाएं, बिना सोचे-समझे सोशल मीडिया की फीड स्क्रॉल करना, बिना भूख के खाया जाने वाला भोजन, बिना सोचे-समझे बोले जाने वाले शब्द ! मन एक वस्तु से दूसरी वस्तु की आकांक्षा के लिए आतुर रहता है। यह वैसा ही है जैसे बिना नियंत्रण के अग्नि। तप अनुशासन है। यह असुविधा को स्वीकारने और उसी से बचने की क्षमता है। जब मन गति की मांग करता है तो स्थिर रहना- यही तप है। मनोविज्ञान में इसे विलंबित संतुष्टि यानि 'डिलेड ग्रैटीफिकेशन' कहा जाता है। भविष्य में प्राप्त होने वाली किसी बड़ी खुशी के लिए तत्काल आनंद का विरोध करने की क्षमता। वॉल्टर मिशेल द्वारा प्रसिद्ध 'मार्शमैलो प्रयोग' ने इसका परीक्षण किया। छोटे बच्चों को एक विकल्प दिया गया- अभी एक मार्शमैलो खाओ या प्रतीक्षा करो और बाद में दो लो। जो प्रतीक्षा करते रहे वे बड़े होकर अधिक सफल, अधिक केंद्रित, अपने जीवन पर अधिक नियंत्रण रखने वाले बने। तपस इसी प्रतीक्षा को कहते हैं। आवेग पर महारत हासिल करना। लेकिन, तपस केवल नियंत्रण के बारे में नहीं है। यह 'आंतरिक अग्नि' पर भी निर्भर है। क्षणभंगुर सुखों से कहीं अधिक गहरी किसी चीज के लिए जुनून। यह वह छात्र है जो पढ़ता है जबकि दूसरे छात्र मस्ती करते हैं। वह एथलीट जो गर्मी में प्रशिक्षण लेता है जबकि दूसरे आराम करते हैं। वह कलाकार जो एक ही चित्र को पूरा करने के लिए देर रात तक काम करता है। यह सत्य की, विकास की, आराम से परे किसी लक्ष्य प्राप्ति कि आस है। रमण महर्षि ने कभी किसी को दुनिया छोड़ने के लिए नहीं कहा, लेकिन उन्होंने उन्हें %देखने% के लिए कहा। मन को देखने के लिए, उसकी चालों, उसके भ्रमों का निरीक्षण करने के लिए। जागरूकता की आग में शांत बैठना और अनावश्यक को जलने देना। इसी प्रकार, कृष्णमूर्ति ने कहा, %अनुशासन एक तथ्य है, आदर्श नहीं%। आप तप को जिद से नहीं कर सकते। आप इसकी आवश्यकता को देखते हैं। जिस क्षण आप इसे देखते हैं, यह वहां होता है - जैसे दो पत्थरों के टकराने से आग प्रकट होती है। लेकिन, जब आग बहुत अधिक जलती है तो क्या होता है? यह नष्ट कर देती है। बहुत अधिक तप व्यक्ति को कठोर, शुष्क बना सकता है। यही कारण है कि श्री कृष्ण भी तामसिक तप के विरुद्ध चेतावनी देते हैं ङ्क अभिमान, अहंकार, दंड के लिए की जाने वाली तपस्या। तप आत्म-यातना नहीं है। यह इनकार के लिए इनकार नहीं है। यह ज्ञान के साथ शुद्धिकरण है। सत्य तो यह है कि ग्रीष्म ऋतु केवल गर्मी के बारे में नहीं है। यह बारिश से पहले का मौसम भी है। मानसून की पहली बूंद के जमीन पर गिरने से पहले, धरती गर्म होगी ही। धूल उठेगी ही। झीलों में पानी कम होगा ही। केवल तभी, जब सब कुछ कच्चा और खुला हो, बारिश आती है। और जब यह आती है तो धरती विरोध नहीं करती। यह अवशोषित करती है। यही तप का रहस्य है। यह कष्ट सहने के बारे में नहीं है। यह तैयारी के बारे में है। यह किसी अद्भुत अनुभव के लिए जगह बनाने के बारे में है। जब हम उपवास करते हैं, तो हम शरीर को नए तरीके से ऊर्जा प्राप्त करने के लिए खाली कर देते हैं। जब हम मौन में बैठते हैं तो हम सत्य को अधिक स्पष्ट रूप से सुनने के लिए मन को साफ करते हैं। जब हम इंद्रियों को अनुशासित करते हैं तो हम उनसे परे समझने के लिए दरवाजे खोलते हैं। इस प्रकार, तप केवल संतों के लिए नहीं है। यह हर उस व्यक्ति के जीवन में है जो आराम के बजाय विकास को चुनता है। वह मां जो अपने बच्चे की देखभाल करने के लिए सुबह होने से पहले उठती है। वह सैनिक जो सीमा की रक्षा के लिए भीषण गर्मी में खड़ा रहता है। वह वैज्ञानिक जो बिना किसी पहचान के वर्षों तक काम करता है। वह साधक जो पुरस्कार के लिए नहीं, बल्कि सत्य के लिए ध्यान में बैठता है। इस गर्मी में, जब सूरज ऊपर से चमक रहा हो तो अपने अंदर की गर्मी को महसूस करें। ध्यान दें कि मन कैसे भागना चाहता है। देखें कि वह कहां भागता है, उसे क्या चाहिए। और फिर, भागने के बजाय रुकें। उसे शुद्ध होने दें। उसे तैयार होने दें। हो सकता है कि मानसून कि तरह ही आपके लिए भी कुछ अद्भुत प्रतीक्षा कर रहा है। और यह तभी आता है जब हम ग्रहण करने के लिए तैयार होते हैं। **(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)**



# मंदिरों में घंटे-शंख तथा ढोल बजाकर सनातनी नव संवत् का किया स्वागत

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

चैत्र नवरात्री गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा प्रातः से ही नागरिकों को तिलक लगाकर मीठी नीम भेट कर मीठी ठंडाई पिलाकर नव वर्ष की बधाई शुभकामनाएं देकर नव संवत का स्वागत किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी ने बताया कि सनातन संस्कृति का नया वर्ष

**■ हिंदू नव वर्ष पर विश्व हिंदू परिषद ने नागरिकों को तिलक लगा कर ठंडाई पिलाई**

गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्र से प्रारंभ होता है। गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्र हिंदू नवसंवत 2082 के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा प्रातः 10 बजे से स्थानीय पुराने थाने के पीछे स्थित हनुमान मंदिर में भगवान





महाबली हनुमान जी की पूजा अर्चना कर महा आरती करते हुए नवसंवत का स्वागत किया एवं स्थानीय जयस्तंभ चौक पर विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी के मार्गदर्शन में चौक पर ढोल बाजों घंटे घड़ियाल शंख बजाकर नव वर्ष का स्वागत किया गया।

गुड़ी पड़वा नव संवत वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अवधेश तिवारी कक्का भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष पारीक नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शैलेंद्र गोर विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष प्रवीण अवस्थी भाजपा वरिष्ट नेता एड. अजित सिंह राजपूत समाजसेवी सरिता पांडे समाजसेवी डॉ अजय रघुवंशी समाजसेवी सुनील कलवानी समाजसेवी जगदीश अग्रवाल शेरू सेठ राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर सर्वाकार यज्ञेश तिवारी भाजपा नगर उपाध्यक्ष निलेश राठौर आदि की उपस्तिथि में कार्यक्रम में भगवान श्री रामचंद्र हनुमान जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर नागरिकों को अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने तिलक लगाकर मीठी नीम भेंटकर मीठा ठंडा ठंडाई का वितरण कर सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने नव वर्ष की बधाई शुभकामनाएं दी गई इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण नागरिक जन उपस्थित थे।

# श्रीराम यज्ञ व श्रीमद भागवत कथा के लिए निकली ध्वज यात्रा



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

नववर्ष गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर नगर के आस्था का केंद्र श्री गंज हनुमान मंदिर पर आगामी मई माह में संपन्न होने वाली श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रीराम यज्ञ के आयोजन को लेकर ध्वज यात्रा निकाली गई। जो नौलखी मंदिर स्टेशन रोड से प्रारंभ होकर कथा स्थल पहुंची जहां ध्वजा की स्थापना पूर्ण विधि विधान व मंत्र उच्चारण के साथ की गई। ज्ञात हो कि श्रीराम यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 11 मई से 17 मई तक संपन्न किया जा रहा है श्रीमद् भागवत कथा के कथा वाचक श्री कृष्ण ठाकुर जी महाराज के मुखारविंद से संपन्न होगी। रविवार को

गुड़ी पड़वा एवं नव संवत्सर मौके पर रेलवे स्टेशन रोड नौलखी मंदिर से ध्वज की पूजन एवं संत महंत के द्वारा ध्वज की पूजन करने के पश्चात ध्वज यात्रा प्रारंभ हुई। जिसमे यज्ञ ध्वजा को श्री महेश्वर दास त्यागी जी महाराज ने अपने हाथों में थाम कर यज्ञ स्थल तक

**■ ध्वज यात्रा में साधुसंत,और नागरिक हुए शामिल**

पदयात्रा के साथ पहुंचे। ध्वज यात्रा नौलखी मंदिर से होते हुए जयस्तंभ चौराहा मुख्य मार्ग से गांधी चौक और सिरोंज चौराहा होते हुए कथा स्थल पहुंची।ध्वज यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

श्रीमद् भागवत कथा की ध्वज स्थापना श्री महेश्वर दास त्यागी जी के कर कमल से संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्र भर के आचार्य एवं विद्वानों के द्वारा मंत्रोचार और अनुष्ठान के लिए ध्वज की स्थापना की गई। आयोजन में प्रमुख रूप से नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज, मुड़री धाम के महंत , सहित क्षेत्र भर के अनेक संत महात्मा क्षेत्रीय विधायक विधायक हरि सिंह रघुवंशी, यज्ञ आचार्य पंडित केशव शास्त्री सहित अनेको गणमान्य नागरिक व धर्म प्रेमी बंधु श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर नर्मदा सेठानी घाट पर हुआ कवि सम्मलेन

# कलम जब भी उठे तो हिंद के सम्मान की खातिर : चौहान

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नव संवतसर, गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर विगत 20 वर्षो की भांति इस वर्ष भी साहित्यक आयोजन की श्रंखला मे नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन सेठानी घाट पर किया गया. 3÷30 बजे रात तक चले इस कवि सम्मेलन में 11 कवियों ने भाग लिया.

जबलपुर की कवियत्री डाँ. प्रतिभा पटैल ने अपनी कविता में कहा ÷नये हैं गीत होठों पर, नये सुर ताल में हम हैं मेरे भगवन तुम्हें पूंजू ,तेरे ख्याल में है।

पुराना वर्ष दरिया में वह कर दूर हो गया चलो मिलकर मनाएं जश्न की नये साल में हम हैं'' खूब सराही गई। राजस्थान से आये वरिष्ठ हास्य कवि सुरेंद्र यादवेंद्र बाँरा कोटा ने कहा ÷पाकिस्तानी सरहद पर सिर्फ किराए के हथियार लड़ते हैं हमारी सीमा पर संस्कृति लड़ती है संस्कार लड़ते हैं।%' सहित अन्य रचनाओ पर हँसा हँसाकर लोटपोट कर दिया। उत्तरप्रदेश से आए ओज कवि मनोज चौहान ने अपनी कविता से श्रोताओं की खूब ताली बटोरी. राजस्थान से आये हास्य कवि राजेश लोटपोट ने कहा जिंदगी निकाल देती है दिन दिहाड़ी, कभी खेत, कभी मेड़. कभी पहाड़ी में , बच्चे भूखे ना सो जाएं इसलिए एक माँ पूरा साल निकाल देती है एक साड़ी में।

उत्तर प्रदेश से आये हास्य कवि कवि



मनोज चौहान ने कहा -

उठी अब तक नहीं है जो किसी दरबान की खातिर।

इबादत में सदा उठती रही ईमान की खातिर ।

मेरे मालिक ,मेरे दाता मुझे इतना हुनुर देदे,

कलम जब भी उठे तो हिंद के सम्मान की खातिर ।

अपनी रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर किया. कवि भुवन सिंह धांसू ने कहा खेलिए ना जुआँ, पत्ता ,सट्टा व पाँसे का खेल,

खेल में जवानी को तबाह मत कीजिए,कीजिए संकल्प चरस और अफीम छोड़ने का,झोली में फैलाएं मांगता हूं दान दीजिए.

भोपाल के कुमार नितेश नैश भोपाल ने कहा - धूप, धनक ,गुल तितली,बिजली,फूलो में आ जाता है,

उसका इक इक रंग सिमटकर नरवरों में आ जाता है

तब भी तेरे पाँव में झुककर मैं पायल पहना दूंगा

जबकि दिल का दर्द अमूमन घुटनो में आ जाता है

हरदा से आये प्रसिद्ध युवा गजलकार जय कृष्ण चांडक हरदा ने कहा मैं हकीकत को खट्टाकुंगा दोनों तरफ

अपनी नियत को रखूंगा दोनों तरफ

आप नफरत रखो एक पलड़े में पर

मैं मोहब्बत को ररक्खूँगा दोनों तरफ

प्रस्तुति पर खूब वाहवाही लूटी।मुलताई के युवा हास्य कवि दीपक साहू सरस मुलताई ने कहा जो है तुम्हारा वो हमारा हाल कर दिया होता।

नहीं था जवाब तो सवाल कर दिया होता।

जाने किस-किस से बात करती हो फोन पर

हमारी तसल्ली को मिस कॉल कर दिया होता। भोपाल से आई सुनीता पटैल ने कहा कि घटे जब प्रेम जीवन में,कलम श्रृंगार लिखती है मिले जब दाद अपनों की, कलम आभार लिखती है

जो मेरे देश का सम्मान खतरे में नजर आए

बन के तलवार दुर्गा सी, कलम अंगार लिखती है। नागपुर के युवा ओज कवि विनोद विद्रोही ने कहा गर हम भी डूब गए प्रेम श्रृंगारों में तो कौन करेगा धार तलवारो में, कलम जो बेच आए दरबारों में तो फर्क क्या रहेगा हममें और गद्दारो में ।

अंत में मंच मे कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे कौशल सक्सेना ने अपने चिर परिचित अंदाज में वीर रस की कविताओं से राष्ट्रभक्ति का अलख जगाया।

कवि सम्मेलन प्रारंभ होने के पूर्व आयोजक केप्टन करैया,हंस राय,बलराम शर्मा, सहित अन्य लोगों ने कवियों का पुष्पहार से स्वागत किया.

## विश्व हिन्दू परिषद त्योंदा प्रखंड बैठक संपन्न



**गंजबासौदा।** विश्व हिन्दू परिषद त्योंदा प्रखंड की बैठक ग्राम घटेरा स्थित धर्मशाला में आहूत की गयी बैठक का शुभारंभ भगवान के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीपक प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी ने कहा कि हमें वर्ष प्रतिपदा से हनुमान जयंती तक प्रत्येक ग्राम समिति तक रामोत्सव मनाना है साथ ही आगामी मई माह में लगने वाले परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी वर्गों में जाने वाले शिक्षार्थियों के नाम तय करने को कहा। जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सत्यम दुवे बावली ने वर्तमान समय में सोशल मीडिया का महत्व और उसकी उपयोगिता पर विषय रखा। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष सतीश दुबे, प्रखंड मंत्री गौरव पटेल, प्रखंड संयोजक आयुष शर्मा, सह मंत्री आकाश कुशवाहा, सह संयोजक द्वय अमन रिछारिया, वीरेंद्र कुशवाहा, बलोपासना प्रमुख जगदीश गुर्जर सहित दुर्गावाहिनी की बहनें एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निषाद राज जयंती का आयोजन 2 अप्रैल को.

**नर्मदापुरम।** माझी निषाद सेना माझी समाज सेवा संगठन नर्मदापुरम के तत्वाधान में बुधवार को 10.30 बजे गुहराज निषाद राज जयंती का आयोजन किया जाएगा. माझी निषाद सेना अध्यक्ष राजेश माझी ने जानकारी देते हुए बताया पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम के दौरान खेलकूद व प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम शिव पर्वती गार्डन गल्ला मंडी के सामने आईटीआई रोड नर्मदापुरम में रखा गया है.

# मां नर्मदा जीवनदायनी, मोक्षदायनी, हमें इनको रखना है साफ-सुथरा : डीएसपी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मां नर्मदा की साफ सफाई के बारे में मैं काफी दिन से सुन रहा था । देख रहा था। मैं भौतिक रुप से इसमें शामिल नहीं हो सका लेकिन मानसिक रूप से जरूर शामिल था। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने घाटों की साफ सफाई का जो काम शुरू किया है बड़ा सराहनीय है। मैं इसकी सराहना करता हूं । हम मां नर्मदा को इसी स्वरूप में अगली पीढ़ी को सौंपें इसलिए हमें इन्हें साफ-सुथरा रखना है। यह जीवन दायिनी, मोक्ष दयनीय है। हम प्रतिदिन घाटों पर आते हैं , दर्शन करते हैं हमें मां नर्मदा की सफाई रखना चाहिए। यह बात डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा ने रविवार को चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय महासभा के साफ-सफाई अभियान में शामिल होकर कहीं। उन्होंने कहा कि नर्मदा हमारी मां है हम सब का कर्तव्य है कि नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर बनाए।? डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का स्वच्छता अभियान एक अनुकरणीय पहल है। इससे अन्य समाज को भी प्रेरणा लेना चाहिए। घाटों पर साफ सफाई की और मलमा



निकाला गया और डस्टबिन में भरकर बाहर फेंका गया। इस मौके पर श्रीमती सुमन वर्मा, श्रीमती ऊषा वर्मा, श्रीमती प्रीति खरे,श्रीमती ज्योति वर्मा, श्रीमती शीतल श्रीवास्तव, श्रीमती सारिका सक्सेना , श्रीमती नीतू श्रीवास्तव, अशोक वर्मा, अभय वर्मा, केशव देव वर्मा, सी बी खरे, प्रदीप श्रीवास्तव, साईं वर्मा, आर्या थापक आदित्य आदि शामिल रहे।

समाज सेवी अशोक वर्मा ने कहा- मां नर्मदा घाट हमेशा स्वच्छ रहे यही हमारा उद्देश्य है अशोक वर्मा ने कहा कि घाट मां नर्मदा की शान है , जिन्हें हमेशा साफ सुथरा रखना है । उन्होंने लोगों से अपील की है कि कचरा , पॉलीथिन और पूजन सामग्री मां नर्मदा में ना डालें । घाटों को स्वच्छ और साफ रखें जिससे हमारे नर्मदापुरम की पहचान बन सके ।

## ' गज फुट इंच' से नाट्य महोत्सव का समापन



सिवनी मालवा जनसेवा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा विश्व रंगमंच दिवस के उपलक्ष्य में सिवनी मालवा दो दिवसीय नाटय महोत्स का समापन हुआ। प्रथम दिन के पी सक्सेना द्वारा लिखित नाटक गज फुट इंच की प्रस्तुति अविराम जनकल्याण संस्था भोपाल के कलाकारो द्वारा की गई ! नाटक का निर्देशन एवं परिकल्पना सुनील राज द्वारा की गई !कार्यक्रम में गणमान्य नागरिक अवधेश तिवारी नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती स्वाति शैलेंद्र गौर प्रवीण अवस्थी दीपक पालीवाल अतुल शर्मा जितेन्द्र सिंह सोलंकी रजत अग्रवाल संस्था से कार्यक्रम निदेशक गुलशन कावडे , अजय श्रीवास्तव भारत सिंह वामनले पवन शर्मा रोशन काव।

## लघु उद्योग संघ की बैठक संपन्न, राम नवलानी चुने गए अध्यक्ष

**नर्मदापुरम.** विगत दिवस पांडे वेयरहाउस में उद्योगपतियों की बैठक अरुण दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी. बैठक में सर्वसम्मति से राम नवलानी को अध्यक्ष पद उपाध्यक्ष हेतु योगेश पांडे महासचिव हेतु गौरव सेठ एवं कोषाध्यक्ष हेतु प्रदीप सैनी को चुना गया. राम नवलानी ने बताया कि 7 अप्रैल को संपूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा. कार्यकारिणी की गठन उपरांत सभी पदाधिकारी एवं सदस्य औद्योगिक विभाग में महाप्रबंधक को सूचना के साथ यह अवगत कराया गया कि अब जो भी पत्राचार करें उसकी एक के प्रति गौरव सेठ महासचिव को भी प्रेषित की जाए. संसाधन शुल्क हेतु महाप्रबंधक आपके माध्यम से बैठक बुलाई जाकर संपूर्ण जानकारी से उद्योगपतियों को अवगत कराने का निवेदन किया गया. गौरव ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र का संगठन 1995 से जिला लघु उद्योग संघ के नाम से एक रजिस्टर्ड संगठन है जो कि जिले में संचालित उद्योगों के हित में निरंतर विगत 30 वर्षों से कार्य कर रहा है बैठक में मुकेश श्रीवास्तव योगेश पांडे संजय रिछारिया एलके गुप्ता प्रदीप सैनी अतुल गौड़ दीपक शर्मा सरदार आनंद अजय कुमार वर्मा सुरेश पाल अभिषेक गौर घनश्याम आहूजा रमेश साहू महेश आहूजा भजन लाल मूलचंदानी राजू राव केतन शर्मा के साथ अन्य सदस्य उपस्थित हुए.

# 3 मकानों में लगी भीषण आग, एक व्यक्ति की मौत

**इटारसी , दोपहर मेट्रो**

नेहरुगंज क्षेत्र में रात्रि करीब साढ़े बजे आग लगने से तीन मकान जल गये। इनमें से एक मकान पूरी तरह जल गया। आगजनी की इस घटना में एक दिव्यांग व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर दमकल ने पहुंचकर आग पर काबू पानी का प्रयास किया। एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा और टीआई गौरव सिंह बुंदेला भी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। आग लगने पर मोहल्ले के लोगों ने शुरुआती मदद करते हुए लोगों को बाहर निकाला। आग में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है, राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया है।

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब साढ़े बजे आग पहले राजेंद्र सिंह राजपूत के कच्चे मकान में लगी और फिर पड़ोस के ही दो अन्य अधिवक्ता रवि सावदकर और अजय गंगराड़े के मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए इटारसी, होशंगाबाद और



ऑर्डनेंस फैक्ट्री से फायर ब्रिगेड की गाडियां पहुंची। इन सभी ने कुल 20 फेरे लगाए, तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया जा सका। इसमें करीब तीन घंटे का वक्त लगा।

### दिव्यांग की आग से हुई मौत

राजेंद्र सिंह राजपूत की बेटी नंदिनी ने बताया, आग सबसे पहले उनके पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत के कमरे में लगी। वे सो रहे थे, दिव्यांग होने से वे भी समय पर निकल नहीं सके। जब तक हम उनको निकालने पहुंचते, आग पूरे कमरे में फैल चुकी थी। लपटों ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हमें सिर्फ उनकी बचाओ-बचाओ की आवाज ही सुनाई दे रही थी। हमने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन बचा नहीं सके। पीछे से निकलकर हमने मोहल्ले वालों को आवाज दी फिर सभी ने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की।

मोहल्ले के सोनू गुरयानी ने बताया कि आग की घटना रात 3 से साढ़े तीन बजे के बीच की है। बिजली आना-जाना कर रही थी, वे गैलरी में आए तो देखा कि राजेन्द्र सिंह राजपूत के मकान के निचले हिस्से में आग लगी। उनके पैरों में गैंगरीन थी, वे भाग नहीं सके और आग इतनी फैल चुकी थी कि बच्चे भी उनको नहीं निकाल सके। बच्चों ने बमुश्किल पीछे के दरवाजे से भागकर अपने को बचाया। उन्होंने सबसे पहले दमकल को खबर की फिर टीआई गौरव सिंह बुंदेला को कॉल किया। विद्युत मंडल फोन लगाया, जहां किसी ने नहीं उठाया।

# जंगल से अवैध कटाई कर सीहोर जिला ले जा रहे थे लकड़ी, वन विभाग ने पकड़ा चोर गिरोह

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

वन परिक्षेत्र बानापुरा सामान्य के अंतर्गत बीट बोरकुण्डा से अवैध कटाई कर सागौन लठ्ठों का परिवहन कर लौट रही पिकअप वाहन नंदरवाडा नाके के पास दिनांक 25 मार्च को पंचर हो जाने के बाद सागौन लठ्ठे 14 नग को खाली कर पंचर वाहन लेकर वन माफिया लकड़ी चोर फरार हो गये थे। इस बात की जानकारी मुख्य वनसंरक्षक नर्मदापुरम अशोक कुमार के मार्गदर्शन एवं वनमंडलाधिकारी नर्मदापुरम मयंक सिंह गुर्जर के निर्देशन में टीम गठित की गई थी। जिसने कार्यवाही करते हुए दो स्थानीय आरोपियों को गिरफ्तार किया उनसे पूछताछ के दौरान पांच सीहोर



जिले के आरोपियों को गिरफ्तार कर 30 मार्च को सात आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस पूरे मामले में दो स्थानीय आरोपियों के द्वारा रेकी कर अवैध कटाई कर सागौन की लकड़ी को बेचने हेतु ले सीहोर जिले में ले जाया जा रहा था। अवैध कटाई में संलिप्त वाहन पिकअप को भी जप्त किया गया हैं। वाहन पर राजसात की कार्यवाही प्रस्तावित की गई हैं तथा सातों आरोपियों मप्र विनिर्दिष्ट वनोपज (विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 5 एवं 15 तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 के अंतर्गत कार्यवाही की गई हैं।

# नवरात्र में महामाई के दरबार में आयोजित हुआ श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज। जन-जन की आराध्या देवी श्री महामाई माता ( डॉंगवाली ) के जागृत दरबार में परंपरानुसार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले श्री विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ का शुभारंभ रविवार दोपहर में हुआ। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी पं. नलिनीकांत शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारों से सर्वप्रथम देवी पूजन एवं कलश स्थापना कराई गई तत्पश्चात मंदिर परिसर में बनी विशाल यज्ञशाला में हवन में बैठे भक्तों से आहुतियॉं प्रदान कराई गई। इस अवसर पर यज्ञ के मुख्य यजमान ओम प्रकाश रघुवंशी के साथ ही बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

### श्री महायज्ञ की पूर्व संध्या पर निकली भव्य जलयात्रा

इससे पूर्व शनिवार को शाम के समय श्री महामाई माता मंदिर पर दुर्गा आव्हान व वरूण पूजन हुआ और जल यात्रा निकाली गई। यज्ञाचार्य पं. नलिनीकांत शर्मा ने मंदिर परिसर में बने घाट पर शास्त्रोक्त विधि से वरूण पूजन कराया। इस अवसर हाथों में घट एवं ध्वज थामें हुऐ समिति सदस्यों ने महामाई माता की परिक्रमा की साथ ही शंख-झालर की ध्वनि करते हुए उत्साहपूर्वक जल यात्रा निकाली गई जो महामाई मंदिर परिसर से होती हुई यज्ञशाला पर पहुॅंचकर सम्पन्न हुई।

### नव संवत्सर पर किया भगवान सूर्यदेव को अर्घ्यदान

श्री महामाई मंदिर पर हिन्दू नववर्ष की शुरूआत सनातन धर्म संस्कृति के आधार पर हुई। इस दौरान वर्ष प्रतिपदा एवं नव संवत्सर के अवसर पर रविवार को प्रातःकाल विशेष आरती के पश्चात सूर्योदय के समय भगवान सूर्य को अर्ध्यदान कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विप्रजनों ने सूर्य मंत्र का उच्चारण करते हुए शंख ध्वनि से भी सम्पूर्ण परिसर को मंगलमय किया। विगत वर्षों से सनातन नववर्ष पर भगवान सूर्य के उदय पर यह आयोजन आयोजित किया जा रहा है जिसमें सहभागिता करने के लिए अनेक श्रद्धालु अलसवेरे से महामाई के दरबार में पहुंचते हैं।

## विक्रमोत्सव 2025 कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पटेल ने कहा

# 'प्राचीनकाल से ही भारतीय शिक्षा पद्धति में सिखाई जाती है जीवन जीने की कला'

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

प्रदेशव्यापी विक्रमोत्सव 2025, कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन विदिशा जिले में भी किया गया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विदिशा के रविंद्र नाथ टैगोर सांस्कृतिक ऑडिटोरियम भवन में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने चैत्र नवरात्रि नव वर्ष की शुभकामनाएं अभिव्यक्त करते हुए कहा कि हम हिंदू वर्ष कैलेंडर की जानकारी आने वाली पीढ़ी को दे सकें, इस नैतिक दायित्व का निर्वहन जरूर करें। उन्होंने कहा कि आज हर घर में दीप जलाएं जाएं। उन्होंने विक्रम संवत को रेखांकित करते हुए कहा कि प्राचीन काल से ही भारतीय शिक्षा पद्धति में जीवन जीने की कला सिखाई जाती रही है।

प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा कि भारतीय काल गणना पद्धति को दुनिया ने माना है। मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने संस्कृति संस्कार परंपरा का पालन करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का अभिनव प्रयास किया है।



उन्होंने कहा कि हमारा नया साल ईश्वर की आराधना से चैत्र की पहली नवरात्रि से प्रारंभ होता है।

विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन ने सभी को हिन्दी नववर्ष की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा पद्धति में तेजी से बदलाव हो रहा है नई शिक्ष नीति में विद्यार्थियों को भारतीय शिक्षा पद्धति की कलाओं से बाकिफ कराया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री जी द्वारा विक्रम सम्वत् से प्रारंभ होने वाले कैलेण्डर, भारतीय काल गणना, छोटी वैदिक समय इकाईयां, भारत में प्रचलित विभिन्न सम्वत् पर प्रकाश डाला है।

### ब्रह्म ध्वज स्थापना

इस अवसर पर संस्कृति विभाग के समिति भोपाल के कलाकारों ने ब्रह्म ध्वज स्थापना वंदन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि व प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने ब्रह्म ध्वज की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया।

### चित्रण

नाट्य मंचन के माध्यम से कलाकारों ने सम्राट विक्रमादित्य जी के जीवन चित्रण की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। यह कार्यक्रम हिन्दू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के अवसर पर आज रविवार को किया गया था। संस्कृति विभाग के कलाकारों भोपाल से आई टीम के सदस्यों के कलाकारों ने विक्रम महोत्सव2025 के तहत सम्राट विक्रमादित्य के जीवन , राजकाज एवं विक्रम संवत प्रारंभ करने पर आधारित आकर्षक ज्ञानवर्धक नृत्य नाटिका प्रस्तुति की, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा।



### हिन्दू नववर्ष का सांस्कृतिक महत्व

हिन्दू नववर्ष का सांस्कृतिक महत्व अत्यधिक है, क्योंकि यह एक अवसर होता है। जब हम अपने पुराने वर्षो की कठिनाईयों, संघर्षो और समस्याओं को पीछे छोड़कर, एक नई शुरूआत करते है। यह एक पुनः निर्माण का समय है, जब हम अपने जीवन में सुधार और परिवर्तन लाने का संकल्प करते है। विदित है कि मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के आदेशानुसार विक्रम संवत् 2082 के शुभारंभ अवसर पर सूर्य उपासना कार्यक्रम के तहत नाट्य प्रस्तुति ''सम्राट विक्रमादित्य'' का मंचन किया गया है। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल समेत अन्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण और पूजन-अर्चना कर किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी, शमशाबाद विधायक श्री सूर्य प्रकाश मीणा, एनिमल बोर्ड ऑफ इंडिया के सदस्य श्री राम रघुवंशी, श्री संदीप डोंगर सिंह, श्री राकेश जादौन, श्री राकेश शर्मा, श्री कप्तानसिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी शिक्षक छात्र-छात्राएं एवं बड़ी सख्या में नागरिक गण उपस्थित थे।

# जल का कोई विकल्प नहीं, आने वाली पीढ़ी को प्रचुर मात्रा में जल भंडार विरासत में दें : पटेल

- जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ, जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री , विधायक सहित ने अन्य ने श्रमदान की आहुति दी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत आज विदिशा जिले में भी हुई। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल व स्थानीय विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य सभी ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में शामिल होकर श्रमदान की आहुति दी है। विदिशा विकासखंड की ग्राम पंचायत लश्करपुर के ग्राम खामखेड़ा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल ने कहा कि जल का कोई विकल्प नहीं है आने वाली पीढ़ी को हम विरासत में जल के प्रचुर भंडार दें इसके लिए शासन द्वारा संचालित की जा रही जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में जल के अनेक स्त्रोत विद्यमान थे जो धीरे-धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। इसका प्रमुख कारण उन सब स्त्रोतों का समय पर जीर्णोद्धार कार्य नहीं करना है।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि धरती से हम पानी निकालने का कार्य बड़ी आसानी से करते हैं किंतु जल संवर्धन के कार्यों में वह रुचि नहीं लेते हैं जो निकालने में की जाती है खेती-बाड़ी के लिए हम जिस प्रकार जल का उपयोग करते हैं ठीक वैसे ही जल भूमि के अंदर पहुंचे और जल स्तर में गिरावट ना आए के प्रबंध भी अभी से सुनिश्चित किए जाना अतिआवश्यक है।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने कहा कि वर्षारूपी जल का हम साल भर उपयोग करते है जबकि वर्षा मात्र तीन माह के लिए होती है। वर्षारूपी जल तीस से पांच प्रतिशत ही संग्रहित कर पाते है शेष जल बहकर चला जाता है वर्षा रूपी जल का अधिक से अधिक संग्रहण हो इस और भी हम सबको विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। शासन स्तर से संरचनाओं के निर्माण के लिए अनेक योजनाओं के माध्यम से कार्यों को मूर्तरूप दिया जा रहा है जन जागरूकता इस ओर विशेष हो ताकि हर घर जल के अभाव से बचा रहे इसी प्रकार हर खेत व गांव में जल की मात्रा बनी रहे। यह सब हम सबके परस्पर सहयोग से संभव है।

विधायक मुकेश टण्डन ने कहा कि पानी की कीमत हम सब समझ रहे है। धीरे-धीरे गांव में भी अब पानी के कैम्पर पहुंचने लगे है यह सब हम सबके लिए विचारणीय है कि हम कैसे अधिक से अधिक जल स्त्रोत को उन्नत करें ताकि भूमिगत जल स्तर में गिरावट ना आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा गंगा जल संवर्धन अभियान के माध्यम से जो संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है उसका हम सब पालन कर अपने गांव व शहर को जल अभाव होने से बचाएं। उन्होंने कहा कि नदियां भी धीरे-धीरे सूख रही है अतः अधिक से अधिक पौधे लगाना आवश्यक है ताकि वर्षारूपी जल संग्रह इनके माध्यम से होकर नदियां अविरल बहें।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्वता को रेखांकित करते हुए कहा कि जिले में दस हजार से अधिक कार्य चिन्हांकित किए गए है। जिले के सभी तालाबो का जीर्णोद्धार जन सहयोग से हो इस और विशेष पहल की जा रही है। पुराने जल स्त्रोतो की साफ सफाई हो ताकि जल की उपलब्धता इन स्त्रोतो में हो सके।

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि हमारे प्रदेश की एक भी नदी में ग्लेशियर का पानी नहीं आता है सभी नदियां के स्त्रोत पेड़ पौधो के पानी से है अतः अधिक से अधिक पौधे लगाएं ताकि जल का संचय इन पौधो के माध्यम से हो। उन्होंने हर गांव में पानी के लिए बेहतर प्रबंधन कैसे हो इस और स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यानगत रखते हुए पूर्ति के प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने इस कार्य में अधिक से अधिक जन सहयोग, जनभागीदारी पर जोर देते हुए आव्हान किया कि विदिशा जिले में इस विधा की ख्याति के माध्यम से जल संचय के नाम से जाने जाएंगे। कार्यक्रम को विदिशा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री वीर सिंह रघुवंशी ने भी सम्बोधित किया।

### श्रम की आहूति

प्रभारी मंत्री श्री लखन पटेल, विधायक श्री मुकेश टण्डन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक के अलावा विभिन्न विभागो के अधिकारी, स्थानीय ग्रामीणजन, स्वंयसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने लश्करपुर पंचायत के ग्राम खामखेडा में अमृत सरोवर तालाब के गहरीकरण, जीर्णोद्धार कार्यो में श्रमदान कर आहूतियां दी है। पंक्तिबद्ध रो में लगकर ट्रालियों तक खोदी गई मिट्टी को तगाडी में भरकर एक हाथ से दूसरे हाथ होते हुए ट्राली को भरने का कार्य किया गया है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के जिला स्तरीय उपरोक्त कार्यक्रम में कॉ-आपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्यामसुन्दर शर्मा, संदीप सिंह डोंगर के अलावा पंचायत प्रतिनिधिगण, पुलिस अधीक्षक रोहित काश्वानी, के अलावा अन्य विभागो के अधिकारी, ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सस्ती शराब पीने से हो रहीं बड़ी दुर्घटनाएं, एक गंभीर

**सिरोंज।** पुराना स्टॉक को खत्म करने के लिए शराब की कीमतें घटा दी जाती हैं ताकि माल जल्द समाप्त हो सके। इसी का परिणाम है दुर्घटनाएं बढ़ गई हैं । शनिवार रात दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई इसमें एक बाइक सवार की हालत गंभीर है दूसरी बाइक सवारों को भी चोट आई है । लेकिन यह तीनों शराब के नशे मे धुत्त थे। इसमें नेतराम दांगी निवासी बमोरी होज हालत गंभीर थी इसके बाद घायल अवस्था में इलाज के लिए पहले संजीवनी अस्पताल लेकर गए जहां पर हालत गंभीर होने पर उसे 108 से सरकारी अस्पताल लेकर वहां से भी इसको रेफर कर दिया पुलिस ने मामला दर्ज किया है ।इसके अलावा रविवार को भी कई दुर्घटना घटित हुई है।

## जैन राष्ट्रीय एकता संगठन मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष बने वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप जैन

- पत्रकारो के हक की लडाई लडने में अहम भूमिका निभाते है प्रदीप जैन - राजीव जैन सैनानी



**सिरोंज।** मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार एंव दैनिक समाचार पत्र अंतिम युद्ध व महावीर संदेश,आईजा संदेश के प्रधान संपादक प्रदीप जैन को जैन राष्ट्रीय एकता संगठन मध्यप्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनित होने पर आईजा के प्रदेश उपाध्यक्ष एंव सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने बधाई दी। इस अवसर पर श्री सैनानी ने कहा कि मध्यप्रदेश की पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रदीप जैन का एक अलग ही स्थान है। वह आईजा के राष्ट्रीय सलाहकार के साथ प्रदेश में विभिन्न सामाजिक संगठनो के साथ कार्य कर रहें है। तो वही पत्रकारिता के क्षेत्र में आईजा के माध्यम से जैन पत्रकारो को संगठित करने में अहम भूमिका निभा रहें है। वह सदैव जैन पत्रकारो के लिए जमीनी स्तर पर लडाई लडते रहते है और मालवा क्षेत्र में तेजी से पत्रकारो को संगठित करने में समय समय पर सम्पर्क कर उनकी व्यक्तिगत समस्याओं का पूरा करने का प्रयास करते रहते है।

## 6 वर्ष की बच्ची जज़ा ने रखा पहला रोजा माहे रमजान में की खुदा की इबादत

**सिरोंज ।** जज़ा के माता पिता व परिवार बेटी के रोजा रखने पर काफी खुश हैं. जज़ा की जन्मतिथी 2019/3/9 मार्च रमजान का आखरी रोज़ा 30 मार्च रविवार को जो जज़ा ने खुद से रखा रोज़ा घर परिवार वालों को यकीन नही हुआ वो माने नही लेकिन जज़ा नमाज़ भी पडती रही शाम 5 बजे तक परिवार वालों ने देखा के सही मे बच्ची ने ना कुछ खाया ना पिया जब यकीन हुआ गर्मी के रोज़े रखेगी लेकिन उसने हिम्मत से और इबादत से रोज़े को मुक़म्मल रखा पहला रोजा खुदा की इबादत का पाक महीना रमजान का आखरी रोज़ा है. रमजान के इस पाक महीने में मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं. रमजान के इस पवित्र महीने में सिरोंज की रहने वाली जज़ा खान ने भी पहला रोजा रखा है. जज़ा की उम्र महज छह साल है. इतनी कम उम्र होने के बाद भी जज़ा ने



बड़ी शिद्दद के साथ पहला रोजा रखा. रोजे के दौरान खुदा से इबादत कर घर परिवार, देश और दुनिया में शांति की कामना की पिता मेहफूज़ खान कहते हैं कि जिस तरह से बड़े रोजा रखते हैं और इबादत करते हैं उसी तरह से जज़ा ने भी पहला रोजा रख खुदा की इबादत की है. पहला रोजा रखने पर माता पिता बेटी की इबादत से काफी खुश हैं. परिवार का कहना है कि जज़ा ने उनसे जिद करते हुए कहा कि वो भी माहे रमजान में पहला रोजा रखेंगी. परिवार वाले पहले तो खुश हुए फिर बच्ची की छोटी उम्र को देखते हुए परेशान भी हुए कि कहीं बच्ची को कोई दिक्कत न हो.

## एक महिला व नाबालिग ने की जान देने की कोशिश

**तेंदूखेड़ा!** रविवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग अलग ग्रामों से जहरीले पदार्थ खाने के मामले सामने आए हैं जिसमें पहला मामला थाना क्षेत्र के ग्राम दोनी में एक महिला एवं एक नाबालिंग बच्ची ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है ज्ञात हो कि ग्राम दोनी की मनीषा पिता गनेश अहिरवार उम्र 25 ने घर में बच्चे के साथ मारपीट के मामले को लेकर जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसे आनन-फानन में 108 वाहन की मदद से इलाज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां पर महिला का इलाज किया जा रहा है वहीं दूसरी घटना ग्राम बम्होरी की 17 वर्षीय बालिका ने दोपहर में अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने की कोशिश की गई। जिसे भी इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

**मेट्रो एंकर** शासकीय स्कूलो में कक्षा पहली में दाखिला लेने वालो को जन सहयोग से किट प्रदाय की जाएगी

# शाला में पहला कदम अभियान का शुभांरभ एक को, प्रभारी मंत्री ने नवाचारों की प्रशंसा की

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा एक अप्रेल से शाला में पहला कदम अभियान का शुभांरभ विदिशा जिले में सुव्यवस्थित रूप से भव्य आयोजनो के साथ हो इसके लिए कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा की जा रही विशेष पहल से आज प्रभारी मंत्री लखन पटेल अवगत हुए।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने विदिशा जिले के शासकीय स्कूलों में दाखिला लेने वाले बच्चो को जन सहयोग से किट प्रदाय की तैयारियों का अवलोकन कियाा है।

प्रभारी मंत्री श्री पटेल, विदिशा विधायक मुकेश टण्डन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने स्वामी विवेकानंद चैराहे पर प्रायमरी स्कूली बच्चों को प्रदाय की जाने वाली किट में संधारित सामग्री का अवलोकन कर शुभांरभ कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने प्रभारी मंत्री श्री पटेल को शाला में पहला कदम अभियान के तहत विदिशा जिले में हो रहे नवाचारो से अवगत कराया है।

जन सहभागिता की होड़ - प्रभारी मंत्री श्री पटेल ने जब स्वामी विवेकानंद चैराहे पर जन सहभागिता के तहत शाला में पहला कदम अभियान अंतर्गत नन्हे कदमो को



स्कूल की राह दिखाएं। आइए विदिशा शिक्षा महोत्सव मनाएं के कंसेप्ट की प्रशंसा करते हुए बच्चों को जनसहयोग से प्रदाय की जाने वाली किट में संधारित सामग्री को देखा हीं नही बल्कि इस प्रकार की पहल के लिए और क्या किया जा सकता है से आश्वस्त कराया है।



उन्होंने किट तैयार करने वाले दल के सदस्यों से संवाद कर कीमत की जानकारी प्राप्त की है।

इस अवसर पर नगद राशि देने और आन लाइन पैमेंट से सहयोग कर किट प्रदाय करने के लिए होड़ सी देखी गई। प्रभारी मंत्री, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा अपनी अपनी और से जनसहभागिता की मिसाल को पल्लवित करते हुए बच्चों के स्कूली किट प्रदाय करने हेतु क्यूआर कोड स्कैन कर राशि प्रदाय की है।

शाला में पहला कदम अभियान 2025 के तहत विदिशा जिले के शासकीय स्कूलो में दाखिला लेने वालो की जानकारी देते हुए डीपीसी आरपी लखेर ने बताया कि दस हजार बच्चों को किट प्रदाय करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान का सुव्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन हो इसके लिए तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए गए है।

एक अप्रेल को सम्माननीय विधायकगण विधानसभा क्षेत्र के सीएम राइज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे वहीं हरेक स्कूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। मानिटरिंग की भी व्यवस्था की गई है जिसमें जिला, संकुल, विकासखण्ड व स्कूल स्तर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है वहीं हरेक स्कूल की उल्लेखित 25 बिन्दुओं में जानकारियां संधारित कर डीपीसी कार्यालय को भेजी जाएगी।

### मेजबानी के साथ 3 वनडे और 5 टी-20 खेलेगी टीम इंडिया

# भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा अक्टूबर-नवंबर में

## सभी 8 मुकाबले अलग-अलग वेन्यू पर होंगे

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय मेंस क्रिकेट टीम इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। इस दौरान भारत मेजबान टीम के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज और 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगा। अनोखी बात ये है कि भारत के ये 8 मैच ऑस्ट्रेलिया के 8 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे।

दरअसल, रविवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2025-26 सीजन में खेले जाने वाले ऑस्ट्रेलिया के सभी इंटरनेशनल मैचों का शेड्यूल जारी किया। इसके तहत पहली बार ऑस्ट्रेलिया की टीम अपने सभी 6 राज्यों और 2 यूनियन टेरेटरी में इंटरनेशनल मैच खेलेगी। भारत के अलावा साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड भी इस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेंगे।



**वनडे में 152 बार भिड़े भारत-ऑस्ट्रेलिया:** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अब तक 152 वनडे मैच खेले गए हैं। इनमें से भारत ने 58 मैच जीते, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने 84 बार जीत दर्ज की। वहीं 10 मुकाबले बिना नतीजे के समाप्त हुए। वहीं दोनों टीमों ने 32 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें से 11 ऑस्ट्रेलिया ने और 21 भारत ने जीते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया में पिछली टेस्ट सीरीज हार चुका है भारत

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल ही टेस्ट सीरीज भी खेली थी। नंबर में शुरू हुई 5 टेस्ट की सीरीज टीम इंडिया ने 3-1 से गंवा दी थी। भारत ने जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में 1 मैच जीता था, लेकिन टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में 2 मैच हार गई। बुमराह की कप्तानी में टीम ने आखिरी मुकाबला भी गंवाया था।

### अगस्त में साउथ अफ्रीका से भिड़ेगा ऑस्ट्रेलिया

ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे और 3 टी-20 खेलेगी। सभी मैच 10 से 24 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। मैच डार्विन, कैर्न्स और मैकाय के 3 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे। इंग्लैंड टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस साल 21 नवंबर से 8 जनवरी के बीच पांच टेस्ट मैच की ऐशेज सीरीज खेलगी। ये सभी मैच 5 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे।

### आखिरी 30 गेंदों में सीएसके की बैटिंग हुई फेल-धोनी-जडेजा की धीमी बल्लेबाजी पड़ी टीम पर भारी



**गुवाहाटी।** डेथ ओवर्स में खराब बैटिंग के कारण ष्स्च को ढ्ढक्क के 18वें सीजन में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। टीम को राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को गुवाहाटी में 6 रन के करीबी अंतर से हरा दिया। वनिंदू हसरंगा ने 4 विकेट लिए। वहीं नीतीश राणा ने महज 36 गेंद पर 81 रन की पारी खेली। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी रॉयल्स ने 9 विकेट खोकर 182 रन बनाए। चेन्नई ने 15 ओवर में 122 रन बना लिए, आखिरी 5 ओवर में 61 रन चाहिए थे। अगले 3 ओवर में एमएस धोनी और रवींद्र जडेजा 22 रन ही बना सके। 12 गेंद पर 39 रन चाहिए थे, टीम 32 रन ही बना पाई। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी राजस्थान ने पहले ओवर में विकेट गंवा दिया। नीतीश नंबर-3 पर उतरे। उन्होंने तेज बैटिंग की और ष्स्च के बॉलर्स पर दबाव बना दिया। नीतीश ने 22 गेंद पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने महज 36 गेंद पर 81 रन की पारी खेली। वनिंदू हसरंगाः- लेग स्पिनर हसरंगा ने 35 रन देकर 4 विकेट लिए। उन्होंने शिवम दुबे, राहुल त्रिपाठी, ऋतुराज गायकवाड और विजय शंकर के बड़े विकेट लिए। रियान परागः- 8वें ओवर में 2 विकेट गंवाने के बाद कप्तान पराग बैटिंग करने आए। उन्होंने तेजी से 2 चौके और 2 छक्के लगाकर 37 रन बनाए टीम को 150 के पार पहुंचाया। जोफ्रा आर्चरः- नई गेंद से बॉलिंग करने आए आर्चर ने शुरुआती 2 ओवर में महज 1 रन दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र को पवेलियन भेजा। उन्होंने 3 ओवर के स्पेल में 13 ही रन दिए। चेन्नई से कप्तान ऋतुराज गायकवाड ही फाइट दिखाते नजर आए। उन्हें नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरना पड़ा। गायकवाड ने 44 गेंद पर 63 रन बनाए। वे 16वें ओवर में आउट हुए और टीम बड़े रनचेज में बिखर गई। चेन्नई को आखिरी 30 गेंदों पर 61 रन की जरूरत थी। यहां धोनी और जडेजा अगले 3 ओवरों में 22 रन ही बना सके, इससे ष्स्च पर दबाव बढ़ गया। डेथ ओवर्स में धीमी बैटिंग ही टीम की हार की बड़ी वजह बनी। आखिरी 12 गेंदों पर टीम को 39 रन की जरूरत पड़ी, टीम 32 रन ही बना सकी।

### अमेरिकी जेसिका पेगुला को हराया

## आर्यना सबालेंका ने पहली बार मियामी ओपन जीता



**बार्सिलोना, एजेंसी**

बेलारूस की पहली सीड टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने शनिवार को अपना पहला मियामी ओपन टाइटल जीत लिया है। उन्होंने फाइनल में चौथी सीड अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को 7-5, 6-2 से हराया। जीतने पर आर्यना को 9.4 करोड़ रुपए प्राइज मनी मिली। आखरी बार आर्यना ने 2024 यूएस ओपन फाइनल में पेगुला को 7-5, 7-5 से हराया था। वहीं उन्होंने 28 मार्च 2025 को हुए मियामी ओपन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली की जस्मिन पाओलीनी को 6-2,6-2 से हराया।

### इस साल 6 इवेंट में से 1 ही जीत पाई सबालेंका

आर्याना सबालेंका इस साल 6 में से 4 इवेंट के फाइनल में पहुंची थी। हालांकि मियामी ओपन से पहले वो केवल ब्रिस्बेन में ही जीत पाई थी। उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन और इंडियन वेल्स के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। सबालेंका ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता था। जिसके बाद वो दो महीने तक वर्ल्ड नंबर 1 पर रहीं। उन्होंने उस साल इंटरनेशनल टेनिस एसोसिएशन का वर्ल्ड चैंपियन का अवॉर्ड भी जीता था। 2024 में उन्होंने लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता और एक अमेरिकी ओपन जीता और साल वर्ल्ड नंबर 1 रहते हुए खत्म किया।

### मेंस में नोवाक जोकोविच फाइनल में पहुंचे

नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हराया। नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हराया। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने 29 मार्च को मियामी ओपन के मेंस सेमीफाइनल में जीत हासिल कर ली है। उन्होंने मुकाबले में बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-2, 6-3 से हरा दिया। अब जोकोविच रविवार रात 12ः30 बजे फाइनल मैच में चेक रिपब्लिक के जैकब मेनसिक से भिड़ेंगे। जैकब मेनसिक की वर्ल्ड रैंकिंग 54 है।

## नॉटिंघम फॉरेस्ट ने 34 साल बाद सेमीफाइनल में बनाई जगह

### 2 मुकाबले इस साल फॉरेस्ट ने ब्राइटन से खेले और दोनों में जीत हासिल की

**लंदन, एजेंसी**

नॉटिंघम फॉरेस्ट ने ब्रिजटन एंड होव एल्वियन टीम को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर यहां खेले जा रहे एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें कोई गोल नहीं कर सकी और इसके बाद मुकाबले का परिणाम पेनल्टी शूटआउट से निकला। फॉरेस्ट ने 34 साल बाद इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। टीम आखिरी बार 1991 में अंतिम चार में पहुंची थी और फाइनल में टॉटैनहैम से हारकर खिताब जीतने



से चूक गई थी। टूर्नामेंट के इतिहास में फॉरेस्ट की टीम कुल 13वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल हुई थी। लंदन ञ्च पत्रिका. क्रिस्टल पैलेस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एफए कप के क्वार्टरफाइनल में फुल्हम को 3-0 से शिकस्त दी और सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## सेमीफाइनल में पहुंचे सितसिपास अब दुसान लाजोविच से होगा सामना

### बार्सिलोना ओपन टेनिस - तीन सैटों तक चला मुकाबला

**बार्सिलोना, एजेंसी**

ग्रीस के टेनिस सुपरस्टार स्टेफानोस सितसिपास बार्सिलोना ओपन में अर्जेंटीना के फेसुंडो डियाज अकोस्टा को तीन सेटों में हराकर रोमांचक जीत हासिल की और सेमीफाइनल में पहुंच गए। स्टेफानोस सितसिपास ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में डियाज़ अकोस्टा को 4-6, 6-3, 7-6(8) से हराया। मैच के बाद सितसिपास ने कहा, मैच में एक समय ऐसा था जब मैं हारने के करीब I था लेकिन मैंने हार नहीं मानी और जीतने के लिए पूरी ताकत लगा दी।

**तीन बार के फाइनलिस्ट-** 25 वर्षीय, जो बार्सिलोना में तीन बार फाइनलिस्ट हैं, 2022 की शुरुआत से एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 20 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ 28-2 का रिकॉर्ड रखता है। वह उस रिकॉर्ड को बनाए रखना चाहेंगे, सेमीफाइनल में उनका मुकाबला नंबर 59 दुसान लाजोविच से होगा। लाजोविक ने फ्रेंचमैन आर्थर फिल्स को 6-4, 3-6, 6-2 से हराया था।



**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## आयुष की आवाज में 'पहला इश्क' सुन बेटी ने कान पर रख लिए हाथ...



एक्टर आयुष शर्मा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'रुसलान' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। एक्टर ने सोशल मीडिया पर अपनी बेटी के साथ एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपनी बेटी आयत को अपनी फिल्म का गाना 'पहला इश्क' सुनाते नजर आ रहे हैं। जबकि आयत अपने कानों पर हाथ रखती नजर आ रही है। वीडियो को हास्य और गर्मजोशी के साथ कैप्शन देते हुए, आयुष ने लिखा, 'मुझे आपकी मदद की जरूरत है, मेरे आखिरी इश्क को मेरा पहला इश्क पसंद नहीं आया, आपकी आवाज चाहिए।' इस वीडियो के जरिए आयुष अपने फैंस को इस प्यार के जश्न में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हैं। वह फिल्म के गाने 'पहला इश्क' पर फैंस को अपनी आवाज देने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार की मंजूरी मेरे लिए सर्वोपरि है और घर पर हर कोई फिल्म के माहौल का आनंद ले रहा है। अपने बच्चों के साथ 'पहला इश्क' साझा करना अमूल्य है, ऐसे क्षण ही इसे सार्थक बनाते हैं।' फिल्म में सुश्री मिश्रा, जगपति बाबू और विद्या मालवड़े भी हैं।

## सिनेमा में जो बदलाव आया है उसका श्रेय दर्शक को: सारा

फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में स्वतंत्रता सेनानी उषा मेहता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सारा अली खान को लगता है कि देश में एक क्रांति की जरूरत फिर से हैं। महिलाओं को केंद्र में रखकर फिल्में बनने लगी हैं। उन्होंने कहा, जिस तरह से महिलाओं को लेकर कहानियां लिखी जा रही हूं, इंडस्ट्री में बदलाव आया है उसका श्रेय मैं दर्शकों को देती हूं। अगर ऐसी फिल्में देखेंगे और ऐसी फिल्मों के प्रति सहानुभूति व्यक्त करेंगे तो ही ऐसी फिल्में बनेगी। सिनेमा में जो भी बदलाव जब भी आया है उसका पूरा श्रेय दर्शकों को ही जाता है। आपको उड़ने के लिए जो पंख चाहिए, वे आपके पास ही हैं, उन्हें बाहर ढूंढने की जरूरत नहीं है।



### खुद बने पहचान

एक महिला होने के नाते मैं इस बात को समझती हूं। हमें ये याद रखना होगा कि हम अपनी खुद की पहचान और आवाज हैं। अपने फैसले लेने का अधिकार एक महिला को खुद ही होना चाहिए है।

## राजेश खन्ना ने बेटी ट्विंकल को दी थी पति अक्षय कुमार की लगाम खींचने की सलाह



ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार की जोड़ी बॉलीवुड की हिट जोड़ियों में से एक है। इन दोनों को लोग खूब पसंद करते हैं। अक्षय कुमार की फिल्में और ट्विंकल की किताबें और कॉलम पर लोगों की नजर रहती है। दोनों ने 17 जनवरी, 2001 को शादी रचाई थी। इन दिनों ट्विंकल के पिता दिवंगत राजेश खन्ना का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी बिटिया को सलाह देते दिखाई दे रहे हैं।

### हेरा फेरी वाला ही आदमी है वह

सोशल मीडिया पर राजेश खन्ना का जो वीडियो वायरल हो रहा है, वह काफी मजेदार है। राजेश खन्ना के मजाकिया अंदाज से हर कोई वाकिफ है। इस पुराने वीडियो में भी उनका यह अंदाज साफ-साफ देखा जा सकता है। दरअसल, राजेश खन्ना वीडियो में कह रहे हैं कि हमारा जमाई राजा कभी भुल भुलैय्या करता है, कभी हेरा फेरी करता है, कभी हेरा फेरी 2 करता है। बहुत हेरा फेरी करता है। हेरा फेरी वाला ही आदमी है वह। इसी वीडियो में राजेश खन्ना अपनी बेटी ट्विंकल को सलाह देते हुए नजर आए। वह ट्विंकल से कह रहे है कि देखो टीना बाबा। जरा, इसकी (अक्षय कुमार) लगाम खींच के रखना, लेकिन इतनी भी नहीं खींचना कि टूट जाए। मालूम हो कि वह ट्विंकल को प्यार से टीना बुलाते थे। उनके इस मजाकिया को देखकर आसपास के लोग ठहाके लगाते हुए सुनाई दे रहे हैं।



**मेट्रो बाजार**

## छोटे शहरों में ब्रांडेड ज्वैलर्स के 500 से भी अधिक स्टोर खुलेंगे

**नईदिल्ली, एजेंसी**

जेम-ज्वैलरी के निर्यात में 15 फीसदी की गिरावट आने के बीच देश में ब्रांडेड ज्वैलरी कंपनियां अपना तेजी से विस्तार कर रही हैं और छोटे शहरों पर फोकस कर रही हैं। लंदन के बुलियन रिसर्च फंड मेटल फोकस ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि भारत के टॉप 5 ब्रांडेड ज्वैलरी रिटेल चेन दो-तीन वर्ष में देश में 500 से अधिक ज्वैलरी स्टोर खोलने की तैयारी में हैं। नए स्टोर खोलने की रेस में मझोले और छोटे ज्वैलरी ब्रांड भी शामिल हैं। देश की कुल ज्वैलरी बिक्री में बड़े रिटेल चेन की हिस्सेदारी अभी 37 फीसदी है जो अगले दो सेल तीन साल में बढ़कर 45 फीसदी तक पहुंच सकती है। तनिष्क जैसे ब्रांड शॉपिंग मॉल्स में स्टोर की संख्या बढ़ा रहे हैं, वहीं रिलायंस ज्वेल्स, कल्याण ज्वैलर्स, मालाबार गोल्ड और जोयालुक्कास भी नए स्टोर खोल रहे हैं। आदित्य बिड़ला समूह ने भी इस बढ़ते क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए नोवेल ज्वेल्स ब्रांड नेम के तहत 5,000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की है। कल्याण ज्वैलर्स ने अगले दो से तीन साल में कम से कम 130 नए स्टोर खोलने की घोषणा की है। कंपनी ने 2023-24 में 71 नए स्टोर खोले। इसके कुल स्टोर्स की संख्या 253 हो गई है। तनिष्क ने भी मार्च तिमाही 2024 में 27 नए स्टोर खोले, जबकि कैरेटलेन के 10 नए स्टोर खुले। इनमें से अधिकतर स्टोर टियर 2 और टियर 3 शहरों में खुले हैं। महंगाई बढ़ने से ग्लोबल मांग में कमी आने के साथ भू-राजनीतिक संघर्ष के कारण रत्न और आभूषणों के निर्यात में मंदी आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार तनाव ने भी व्यापार को बाधित किया है। रत्न-आभूषण निर्यात में 2024 की दूसरी छमाही से सुधार देखने को मिल सकता है।



## यूपीआई लेनदेन के लिए नए विकल्प मिलेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** यूपीआइ लेनदेन में फोन-पे, गूगल-पे की हिस्सेदारी को सीमित रखने को भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआइ) बड़े कदम उठाने की तैयारी में है। अभी यूपीआइ से होने वाले कुल लेनदेन में 85 फीसदी हिस्सेदारी इन दो कंपनियों के पास है। इन दोनों की मोनोपोली से निपटने के लिए इस माह एनपीसीआइ के अधिकारी क्रेड, फ्लिपकार्ट, अमेजन व अन्य फिनटेक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलेंगे और उनके प्लेटफॉर्म पर यूपीआइ लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए चर्चा करेंगे।




एनपीसीआइ ने पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस को नए भुगतान सेवा प्रदाता बैंक हैंडल पर उपयोगकर्ताओं का स्थानांतरण शुरू करने की अनुमति दे दी है। एनपीसीआइ ने पेटीएम को यूपीआइ पर तीसरे पक्ष के ऐप्लिकेशन प्रदाता के रूप में काम करने की अनुमति दी है। चार बैंक एसबीआइ, ऐक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक और यस बैंक पेटीएम के बैंक हैंडल के रूप में काम करेंगे। यानी पेटीएमयूपीआइ हैंडल वाले यूजर अब इन बैंकों के साथ नए खाते बना सकते हैं।

## दो सोने के कंगन चुरा ले गईं पंजाबी कड़ा खरीदने पहुंची महिलाएं



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रोशनपुरा चौराहा पर राजश्री ज्वैलर्स स्टोर में जेवर खरीदने पहुंची दो महिलाएं और युवक ने सोने के दो कंगन चुरा लिया। आरोपियों ने ज्वैलर्स शॉप में पहुंचते ही पंजाबी कड़ा खरीदने का कहा और कुछ कड़े सहित कंगन देखे। इसी बीच मौका मिलते ही उन्होंने सोने की दो कीमती चूड़ियां चुरा ली। चूड़िया हाथ लगने के बाद आरोपी कहने लगे कि कड़े की डिजाइन पसंद नहीं आ रही है और वह निकल गए। घटना की जानकारी शाम को सोने के जेवरातों के मिलान के समय हुआ। इसके बाद सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे गए। फुटेज में महिलाएं वारदात करती हुई कैद हो गई। इसके बाद अरेरा हिल्स थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई और सीसीटीवी कैमरे के फुटेज सौंपे गए। पुलिस के अनुसार विजय अग्रवाल का रोशनपुरा चौराहा के पास राजश्री ज्वैलरी शॉप का संचालन करते हैं। शुक्रवार रात स्टोर बंद करते समय उन्होंने जेवरातों का मिलान किया तो पता चला कि सोने की दो चूडियां कम है। उन्हें संदेह हुआ तो शुक्रवार के पूरे दिन का सीसीटीवी फुटेज देखा। फुटेज देखने पर पता चला कि ज्वैलरी शॉप में जो दो महिलाएं और उनके साथ युवक आया था। उन्होंने कंगन चुराए हैं। सीसीटीवी से पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मेट्रीमोनियल साइट पर की दोस्ती दैहिक शोषण कर शादी से मुकरा

**भोपाल।** पिपलानी पुलिस ने खंडवा में रहने वाली एक युवती की शिकायत पर भोपाल में रहने वाले युवक पर दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।



पीड़िता का आरोप है कि तीन साल तक आरोपी ने उसका दैहिक शोषण किया और अब अच्छा पैकेज मिल गया तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि मूलत-खंडवा निवासी 26 साल की युवती शासकीय नौकरी पर हैं। उसकी पहचान मेट्रीमोनियल साइट पर वर्ष 2022 में ललित राजपूत से हुई थी। सरकारी नौकरी पर है पीड़िता, आरोपी आईटी कंपनी में करता है जॉब दोनों के परिवार वाले शादी के लिए राजी हो गए। युवती का ललित के बी सेक्टर पिपलानी स्थित घर भी आना जाना शुरू हो गया। इस दौरान ललित ने युवती से शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिया। गत दिनों दोनों की सगाई भी हो गई थी और 30 अप्रेल को दोनों की शादी होनी थी। इससे पहले ललित राजपूत ने युवती को शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़िता का कहना है कि ललित का मकान भोपाल में है और वह बाहर आईटी कंपनी में नौकरी करता है। उसका पैकेज पहले कम था। अब अचानक पैकेज बढ़ गया तो वह शादी से मुकर गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## दुकान के पास खड़े आइस्क्रीम शॉप के संचालक से मारपीट



**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित दस नंबर मार्केट में अपनी ही दुकान पर खड़े व्यापारी से आरोपियों ने मारपीट कर दी। बिना किसी कारण के मारपीट करने वाले आरोपी कहने लगे कि अपनी दुकानदारी करों और हमसे न उलझा करों। व्यापारी ने घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की थी। पुलिस ने एक नामजद आरोपी और उसके साथियों पर मारपीट का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लखन सिंह पिता रामचरण सिंह (42) संजय नगर शाहजहांनाबाद में रहते हैं। वे दस नंबर मार्केट में बस्किन रबिन आईस्क्रीम शॉप का संचालन करते है। शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपनी दुकान बंद करवा रहे थे, तभी मार्केट में घूमने वाला करन अपने साथियों के साथ उनके पास पहुंचा और कहने लगा कि दुकान के पास क्यों खड़ा है।


### मंडी बोर्ड के कर्मचारी की सड़क हादसे में मौत

# एक्टिवा को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मासूम पोता-पोती सकुशल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित चिकलौद रोड पर रंभा टॉकिज के सामने शनिवार रात अज्ञात वाहन ने एक्टिवा सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां रविवार दोपहर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे के समय उनके साथ एक्टिवा पर उनके पोता और पोती थी। उन्हें हादसे में चोट नहीं आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार

पुलिस के अनुसार देवराज गौतम पिता चौखेलाल गौतम (61) इंद्रपुरी में रहते थे और अरेरा हिल्स स्थित मंडी बोर्ड कार्यालय में बतौर चतुर्थ वर्ग श्रेणी कर्मचारी थे। शनिवार को वह पोता और पोती को लेकर जहांगीराबाद बाजार आए थे। बाजार से सामान खरीदा और चिकलौद रोड पहुंचे थे, तभी रंभा टाकिज के सामने रात करीब साढ़े 8 बजे उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर



मारने के बाद वाहन का चालक मौके से भाग निकला था। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां रविवार दोपहर उनकी मौत हो गई।

### ई- रिक्शा की टक्कर से दो साल का मासूम घायल

इसी थाना क्षेत्र गैस राहत अस्पताल, छोटी मस्जिद के पास जिंसी निवासी रोशनी पति सद्दाम ने बताया कि शनिवार दोपहर उनका दो साल का बेटा मोहम्मद गाजी घर के बाहर खेल रहा था। इस दौरान गली में से एक बैटरी आटो का चालक अपने आटो को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया और बेटे को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बेटे के बाएं पैर के पंजे में चोट आई है। उन्होंने पति और मोहल्ले के लोगों को साथ ई रिक्शे वाले को चिल्लाकर रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी चालक रिक्शा लेकर भाग निकला। भागते समय दंपती और मोहल्ले के लोगों ने ई रिक्शे का नंबर देख लिया था। इसके बाद पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने ई रिक्शा चालक पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## सीना तानकर चलने पर विवाद, युवक के गले पर चाकू मारा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



भोपाल। टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन नगर में एक युवक से मोहल्ले में रहने वाले पांच युवकों ने मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपी पर चाकू से भी हमला किया गया। चाकू युवक के गले में लगने से उसे गंभीर चोट आई है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर पांचों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश की जा रही है। विवाद की वजह सीना तानकर चलने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार 20 साल का कपिल यादव, अर्जुन नगर में रहता है और कॉलेज में पढ़ाई के साथ प्राइवेट काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि शनिवार रात वह मोहल्ले में था। इस दौरान उमेश चौहान, आनंद, आदित्य मोनू सावंत और अन्य से उसका विवाद हो गया। आरोपी उसे कहने लगे की आजकल तू कुछ ज्यादा ही सीना तानकर चल रहा है। कपिल ने आरोपियों का विरोध किया तो उन्होंने कपिल के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस बीच आरोपियों ने उस पर चाकू से हमला किया था। चाकू उसे गर्दन के पास लगा है। गंभीर रूप से घायल कपिल को परिजन जय प्रकाश अस्पताल ले गए थे, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन अभी उसका हबीबगंज स्थित निजी अस्पताल में इलाज करा रहे है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। उनकी तलाश की जा रही है।

### सिंधी समाज का भगवान झूलेलाल चल समारोह





चैती चांद पर सिंधी कॉलोनी चौराहे से सिंधी समाज का भगवान झूलेलाल चल समारोह निकाला तथा रविंद्र भवन पर जाकर समाप्त हुआ। **फोटो निर्मल व्यास**

## कस्टमर केयर का नंबर पूछा, लगा डेढ़ लाख का चूना, साइबर ठगी हुई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गूगल से कस्टमर केयर का नंबर निकालना राजधानी में एक दंपति को भारी पडा है। कस्टमर केयर अधिकारी बनकर बात करने वाले ठग ने दंपती से 1.60 लाख रुपए ठग लिए। इस ठग ने ओटीपी पूछकर यह ठगी की।

पुलिस ने अज्ञात ठग के खिलाफ मामला दर्ज तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक विजय कुमार नामक व्यक्ति ने ने मोबाइल पर कोई गाना सब्स्क्राइब किया था।

कंपनी ने इसके लिए उनके खाते से 600 रुपए काट लिए, जो ज्यादा थे। रकम वापसी के लिए उन्होंने कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर गूगल पर सर्च किया।

कंपनी के नाम से दिखाई दिए नंबर पर उन्होंने कॉल किया, जो ठग का था। कस्टमर केयर अधिकारी बन बात करने वाले ठग ने पहले विजय कुमार के मोबाइल पर ओटीपी भेजा, फिर उनकी पत्नी के मोबाइल पर ओटीपी भेजा।

### घर में घुसकर युवक से मारपीट कर की अड़ीबाजी

**भोपाल।** गौतम नगर इलाके में रहने वाले एक युवक के साथ घर में घुसकर मारपीट और पांच हजार रुपयों के लिए अड़ीबाजी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार यश रैकवार (25) गणेश मंदिर के सामने रिसालदार कालोनी थाना गौतम नगर में रहता है। रात करीब ग्यारह बजे वह अपने घर पर था, तभी शनि उर्फ नरेश ठाकुर और अक्कू नामक युवक उसके घर में घुस गए और अकारण ही गाली-गलौज करने लगे। यश ने जब इसका विरोध किया तो दोनों उस पर पांच हजार रुपए के लिए अड़ीबाजी करने लगे। झूमाझटकी के दौरान यश ने शोर मचाया तो परिजन पहुंचे, जिसके बाद दोनों युवक धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। युवक के सिर पर कड़े से हमला बजरिया इलाके में रहने वाले एक युवक के सिर कड़े से हमला कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक रोहन ओरिया (23) गरमगड्ढा रोड पर रहता है और पेंटर का काम करता है। रात करीब सवा ग्यारह बजे वह आर्यन डीजे के पास खड़ा था, तभी कृष्णा और बिट्टू पहुंचे और उसे अपने साथ पुलिया के पास ले गए। रोहन ने पुलिया के पास लाने का कारण पूछा तो दोनों गाली-गलौज करने लगे। रोहन ने उन्हें गाली देने से मना किया तो कृष्णा ने हाथ में पहने कड़े से उसके सिर पर हमला कर दिया, जिससे खून निकलने लगा।

### अवैध शराब के साथ आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** राजधानी में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अलग-अलग इलाकों में करीब आधा दर्जन लोग अवैध शराब के साथ पकड़े गए। आरोपियों से हजारों रुपये कीमत की शराब और परिवहन में उपयोग किए गए वाहन जब्त किए गए हैं। जानकारी के अनुसार हबीबगंज पुलिस ने बिट्टन मार्केट के पास स्कूटर से शराब लेकर जा रहे गौरव यादव निवासी अशोका गार्डन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से तीन हजार रुपए कीमत की शराब और स्कूटर जब्त की गई है। इधर, गोविंदपुरा पुलिस ने बरखेड़ा पठानी के पास कृष्णकांत प्रसाद से दो हजार रुपए, बागसेवनिया पुलिस ने आरआर तिराहा के पास मोहम्मद रऊफ से 6 हजार रुपए की अवैध शराब जब्त की। कोलार थाना पुलिस ने कजलीखेड़ा पुलिया के पास सीताराम बारेला निवासी बिलकिसगंज सीहोर से दो हजार रुपए और खजूरी सड़क पुलिस ने मुबारकपुर बरखेड़ा सालम के पास`अशोक निवासी बैरागढ़ से साढ़े तीन हजार की अवैध शराब जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिए गए हैं। जिलाबदर बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे भोपाल। हनुमानगंज पुलिस ने एक जिलाबदर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक विनोद कुशवाह पुत्र भवानी (32) के खिलाफ एक दर्जन से ज्यादा पुराने अपराध दर्ज हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस आयुक्त ने जिलाबदर के आदेश दिए थे।

### स्टेशन के सामने आटो चालक पर छुरी से प्राणघातक हमला

**भोपाल।** बैरागढ़ रेलवे स्टेशन के बाद रविवार को एक आटो चालक ने दूसरे आटो चालक पर छुरी से प्राणघातक हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल आटो चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि दोनों के बीच किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के अनुसार कपिल मेघानी (32) गांधी नगर में रहता है और आटो चलाता है। वह बैरागढ़ रेलवे स्टेशन से सवारियों को लाने और ले जाने का काम करता है। इसी स्टेशन से सवारियां लेकर जाने वाले दूसरे आटो चालक दुर्गेश से उसका किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। रविवार को दोपहर के समय दोनों आटो चालक स्टेशन के सामने सवारियों का इंतजार कर रहे थे, तभी उनके बीच पुरानी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर दुर्गेश ने अपने पास रखी छुरी निकाली और कपिल मेघानी पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से पुलिस को सूचना मिली। पुलिस ने कपिल की रिपोर्ट पर दुर्गेश के खिलाफ केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। युवक के सिर पर किया चाकू से हमला निशातपुरा थानांतर्गत जय नगर कालोनी में रहने वाला संजय लोधी प्रायवेट गाड़ी चलाता है। रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने दोस्त सुरेंद्र के साथ काम से घर लौट रहा था। मोहल्ले के पास पहुंचने पर वैभव मीना और रितिक जाट मिले और पुरानी रंजिश के चलते उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। संजय ने जब गाली देने से मना किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान आरोपियों ने अपने पास रखी छुरी निकाली और संजय के सिर में मार दी। दोस्त ने जब बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो उसके सिर पर भी छुरी से हमला कर दिया। घायलों के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे, उसके पहले दोनों आरोपी मौके से भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### जहर खाने से युवक की मौत

**भोपाल।** बैरसिया इलाके में रहने वाले एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक अनूप कंजर (18) ग्राम तरावली टपरा का रहने वाला था। रविवार को उसने कोई जहर खा लिया था। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया।

**मेट्रो एंकर** ईद की नमाज के वक्त ईदगाह की ओर जाने वाला ट्रैफिक 5 घंटे रहा डायवर्ट

## इंदौर-उज्जैन व राजगढ़-ब्यावरा की बसें लालघाटी से स्टैंड नहीं आईं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**ईद-उल-फितर के मौके पर ईदगाह मस्जिद और आसपास की अन्य मस्जिदों में होने वाली विशेष नमाज को देखते हुए हुए सोमवार सुबह 6 बजे से सुबह 11 बजे तक पांच घंटे के लिए ट्रैफिक व्यवस्था परिवर्तित रहा। इस दौरान इन्दौर-उज्जैन की तरफ से आने वाली बसें लाल घाटी से नादरा बस स्टैंड की ओर नहीं आ सकीं। वहीं राजगढ़-ब्यावरा की ओर से आने वाली बसें भी लालघाटी से नादरा बस स्टैंड की ओर नहीं आ सकेंगीं। इन मार्गों की बसें हलालपुर बस स्टैंड पर समाप्त होंगी।**




रेतघाट से मोती मस्जिद, सदर मंजिल, रायल मार्केट की ओर बीसीएलएल की बसें एवं आम यातायात का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन व्हीआईपी रोड का उपयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

लालघाटी कोहेफिजा से इमामी गेट व पीरगेट की ओर बीसीएलएल की बसें और आम यातायात परिवर्तित रहेगा। आम लोग लाल घाटी से व्हीआईपी रोड का उपयोग कर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

नादरा बस स्टैंड से भोपाल टॉकीज होकर रॉयल मार्केट की ओर जाने वाली बीसीएलएल, मध्यम और बड़ी बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। नादरा बस स्टैंड से लालघाटी की ओर जाने वाली बसें जेपी नगर तिराहे से बेस्ट प्राइज करोंद होकर आवागमन कर सकेंगी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022